शुभ दीपावली

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 19 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष -41 ■ अंक-201 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 20 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये




### दीपोत्सव की बधाई

सुख-समृद्धि व रौशनी के पर्व दिवाली की समस्त सुधि पाठकों, शुभचिंतकों और विज्ञापनदाताओं को बधाई।

**प्रधान संपादक**



### अवकाश सूचना

दीपावली पर्व पर सांध्य दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस व कार्यालय में 20 एवं 21 अक्टूबर 2025 को अवकाश रहेगा। अतः **तरुण छत्तीसगढ़** का अगला सांध्य संस्करण 22 अक्टूबर 2025 तथा डाक संस्करण 23 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा।

**प्रबंधक**

# तालिबान ने दी पाकिस्तान को खुली चेतावनी

**काबुल, 19 अक्टूबर।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर हैं। पाकिस्तान ने हाल ही में अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक करके सीजफायर का उल्लंघन किया, जिससे तालिबान भड़क गया। इस हमले में दस लोगों की जान चली गई, जिसमें उभरते हुए क्रिकेटर्स भी शामिल थे। पाकिस्तान के इस हमले के बाद तालिबान ने उसे सख्त चेतावनी दी है। शहबाज शरीफ के देश को धमकी देते हुए अफगानिस्तान की इंटीरियर मिनिस्ट्री में डिप्टी मंत्री और तालिबान नेता मौलवी मुहम्मद नबी ओमारी ने कहा कि हमले की कोशिश हुई तो पाकिस्तानी सैनिकों को भारत के बॉर्डर तक खदेड़ दिया जाएगा। पाकिस्तानी सेना को चेतावनी देते ओमारी ने कहा, ''अगर अफगानिस्तान और लोगों ने धार्मिक आदेश से हमलावर घोषित कर दिया तो मैं कसम खाता हूं कि तुम्हें भारतीय बॉर्डर तक भी सुरक्षा नहीं मिलेगी।'' पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर और शहबाज



शरीफ की मुलाकात पर भी उन्होंने निशाना साधा। तालिबानी मंत्री ने कहा कि पाकिस्तानी सेना सबकुछ दूसरों की इच्छा के हिसाब से ही करती है और हाल ही में सबने शहबाज शरीफ को ट्रंप की चापलूसी करते हुए भी देखा ही होगा।''इस बीच, पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोहा में बातचीत में तुरंत सीजफाययर पर राजी हो गए। हालांकि, यह वक्त ही बताएगा कि पाकिस्तान अपने इस समझौते को कितना मानता है, क्योंकि पिछले दिनों सीजफायर होने के बाद भी उसने अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक की थी। एक हफ्ते से ज्यादा समय से, दक्षिण एशियाई पड़ोसी बॉर्डर पर खूनी झड़पों में लगे हुए हैं, जोकि साल 2021 में तालिबान सरकार की वापसी के बाद से यह उनकी सबसे बुरी लड़ाई है। दोहा में शांति बातचीत के बाद, कतर के विदेश मंत्रालय ने रविवार सुबह कहा कि दोनों पक्ष तुरंत सीजफायर और दोनों देशों के बीच पक्की शांति और स्थिरता को मजबूत करने के लिए सिस्टम बनाने पर राजी हो गए हैं। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा कि वे सीजफायर पक्का करने के लिए आने वाले दिनों में फॉलो-अप मीटिंग करने पर भी राजी हुए। पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने कन्फर्म किया कि सीजफायर एग्रीमेंट हो गया है और कहा कि दोनों पक्ष 25 अक्टूबर को इस्तांबुल में फिर मिलेंगे।

## कर्मभूमि एक्सप्रेस से गिरे 3 यात्री, 2 की मौत

**मुंबई, 19 अक्टूबर।** मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस से बिहार जा रही कर्मभूमि एक्सप्रेस में बड़ा हादसा हो गया. नासिक रोड रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर तीन यात्री ट्रेन से गिर गए, जिनमें से दो की मौके पर मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है. अभी स्पष्ट नहीं है कि यात्री त्यौहार मनाने के लिए जा रहे थे या आने वाले बिहार चुनाव के मतदान में शामिल होने के लिए - इसकी जांच चल रही है. सूचना मिलते ही नासिक रोड पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को कब्जे में लिया. पुलिस के अनुसार, यह हादसा भुसावल जाने वाली पटरी के किलोमीटर 190/1 और 190/3 के बीच हुआ. दोनों मृतक युवकों की उम्र 30 से 35 वर्ष बताई जा रही है. वहीं तीसरे यात्री को गंभीर हालत में जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. फिलहाल तीनों यात्रियों की पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस ने इस मामले में आकस्मिक मृत्यु का केस दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है. प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि भीड़भाड़ के कारण यात्री ट्रेन से गिर गए. दीपावली के सीजन में उत्तर भारत जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ रहती है.

### सीएम विष्णुदेव साय अपने गांव में मनाएंगे दिवाली

**जशपुर।** सीएम विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। सीएम साय अपने क्षेत्र



में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सीएम साय सुबह 11:45 बजे जशपुर के लिए रवाना होंगे। इसके बाद जशपुर पहुँचने के बाद सीएम साय 1:15 बजे सोहरई करमा महोत्सव में शामिल होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सीएम साय अपने गृह ग्राम बगिया के लिए रवाना होंगे। सीएम विष्णुदेव साय क्षेत्रवासियों के साथ दीपावली का त्योहार मनाएंगे।

## प्रेमानंद जी महाराज के लिए दुआ का दौर जारी

### मुस्लिम युवाओं ने दरगाह साबिर पाक में चढ़ाई चादर

**हरिद्वार, 18 अक्टूबर।** वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य को लेकर दुआ का दौर जारी है। जहां एक तरफ हिंदू समुदाय के लोग मंदिरों में उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कलियर में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी उनके चित्र को हाथों में लेकर दरगाह साबिर पाक में चादर व फूल पेश कर प्रेमानंद महाराज की लंबी आयु और उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ मांगी है। वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज की कई दिन से स्वास्थ्य ठीक न होने से देशभर में भक्त काफी मायूस और परेशान हैं। उनकी सेहत के लिए दुआएं मांगी जा रही हैं। दुआओं का असर है कि संत प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। इसी को लेकर कलियर में भी मुस्लिम समाज के लोग ने भी प्रेमानंद महाराज के दीर्घायु और जल्द स्वस्थ होने की दुआ मांग रहे है। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने हाथों में संत प्रेमानंद महाराज की तस्वीर लकर दरगाह साबिर पाक ने चादर और फूल पेश कर हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ मांगी। इस दौरान सिंगर राजा तुर्क, शफीक साबरी, इस्तेखार साबरी आदि शामिल रहे।

**संत प्रेमानंद की सेहत पर चिंता में भक्त**-प्रेमानंद महाराज की सेहत पिछले कई दिनों से कमजोर चल रही है। उन्हें पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज नामक गंभीर किडनी की बीमारी है, जिसके कारण उन्हें नियमित डायलिसिस करानी पड़ती है। 2006 में पेट दर्द के बाद यह बीमारी सामने आई थी।

## अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं का रिकॉर्ड टूटा, इस वर्ष संख्या 23 करोड़ पार

**अयोध्या ,19 अक्टूबर।** उत्तर प्रदेश सरकार इस साल अयोध्या में सरयू तट पर 9वां दीपोत्सव मनाने जा रही है। राम मंदिर के अलावा यहां पिछले 8 साल से हर वर्ष आयोजित दीपोत्सव के कारण अयोध्या की भव्यता और बढ़ गई है। दीपोत्सव ने देश-विदेश में अयोध्या का आकर्षण बढ़ा दिया है। यही कारण है कि अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।इनमें भारतीय पर्यटक तो अच्छी खासी संख्या में हैं ही विदेशियों की रुचि भी प्रभु श्रीराम की नगरी में बढ़ गई है। पर्यटन विभाग से मिले आंकड़े के मुताबिक अयोध्या में वर्ष 2017 से दीपोत्सव प्रारंभ हुआ है। इस बीच यहां 1,78,32,717 भारतीय और 25,141 विदेशी पर्यटक पहुंचे। इस प्रकार वर्ष 2017 में कुल 1,78,57,858 श्रद्धालुओं ने रामनगरी में दर्शन-पूजन किया। दीपोत्सव के दूसरे वर्ष 2018 में 1,95,34,824 भारतीय और 28,335 विदेशी नागरिकों ने रामनगरी में दर्शन किया। इस प्रकार कुल मिलाकर 1,95,63,159 लोगों ने वर्ष 2018 में अयोध्या में दर्शन-पूजन किया। ऐसे ही वर्ष 2019 में 2,04,63,403 भारतीय और 38,321 विदेशी मिलाकर कुल 2,04,91,724 श्रद्धालुओं ने अयोध्या में दर्शन किया। वर्ष 2020 में कोरोना के कारण पर्यटकों की संख्या में कमी देखने को मिली। इस साल 61,93,537 भारतीय एवं 2,611 विदेशी मिलाकर कुल 61,96,148 सैलानी अयोध्या पहुंचे। वहीं वर्ष 2021 में 1,57,43,359 भारतीय एवं 31 विदेशी पर्यटकों ने अयोध्या में दर्शन पूजन किया। 2021 में कुल 1,57,43,390 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए आए।

इसी तरह, साल 2022 में 2,39,09,014 भारतीय एवं 1465 विदेशी पर्यटक अयोध्या पहुंचे। कुल मिलाकर 2,39,10,479 पर्यटक अयोध्या दर्शन के लिए यहां पहुंचे। 2023 में 5,75,62,428 भारतीय और 8468 विदेशी पर्यटक आए। इसके बाद 2024 में 16,43,93,474 भारतीय और 26048 विदेशी श्रद्धालु आए।वहीं, 2025 में जनवरी से जून तक 23,81,64,744 भारतीय और 49,993 विदेशी समेत कुल 23,82,14,737 श्रद्धालु अयोध्या दर्शन के लिए पहुंचे। अयोध्या में देश से ही नहीं विदेश से भी आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से अयोध्या में रोजगार में भी तेजी से वृद्धि होने लगी है।

प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार तेजी से अयोध्या का विकास करने में लगी है। शानदार फोर-लेन व सिक्स-लेन सड़कों से अयोध्या जुड़ रही है। विश्वस्तरीय हवाई अड्डे व रेलवे स्टेशन के अलावा तमाम अन्य सुविधाएं विकसित होने से अयोध्या पर्यटकों को आकर्षित कर रही है।

## भाजपा और कांग्रेस के बीच पटाखे वाली सियासत

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** सौहार्द के पर्व दिवाली पर भी राजनीतिक पार्टियां बयानबाजी से नहीं चूक रही है. भाजपा और कांग्रेस के बीच अब पटाखे वाली सियासत शुरु हो गई है. भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने रविवार को कांग्रेस और पीसीस अध्यक्ष पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि दीपक बैज में परिपक्वता नहीं है. दिवाली का त्योहार है, मां लक्ष्मी और भगवान धनवंतरी की पूजा करें. कांग्रेस संगठन का काम सांप पटाखा जैसा है. वह किसी की तुलना पटाखे से नहीं करें, अगर बम फट गया तो आंख चौंधिया जाएगा. इस बयान पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने पलटवार किया है. कांग्रेस के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने पलटवार करते हुए कहा कि पुरंदर मिश्रा को बीजेपी के बमों का अध्ययन करना चाहिए. वो स्वयं फुस्सी बम है. बीजेपी में बहुत सारे पटाखा बम है. स्वास्थ्य मंत्री पटाखा बम है. सारे अस्पतालों की स्थिति दयनीय है. इसी तरह तेज आवाज करने वाले बड़बोला बम है गृहमंत्री, जो कानून व्यवस्था नहीं संभाल पाते हैं. वहीं मंत्री ओपी चौधरी लक्ष्मी बम है, जहां भी हाथ मारेंगे, वहां से लक्ष्मी आएगी.विधायक पुरंदर मिश्रा ने बिहार चुनाव में कांग्रेस नेताओं को मिली जिम्मेदारी पर कहा कि बिहार का चुनाव महत्वपूर्ण चुनाव है. वहां नीतीश कुमार जैसे अनुभवी नेता है. बिहार में 8वीं फेल नेता चुनाव लड़ रहे हैं. लेकिन नितीश कुमार जैसे नेता इस चुनाव को दिलचस्प बनाएंगे. कांग्रेस के नेता वहां जा कर क्या करेंगे. उनको हारने के लिए अभी से बढ़ाई देता हूं. नक्सलियों के आत्मसमर्पण को लेकर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि देश और प्रदेश के विकास के लिए उनका मुख्यधारा से जुड़ना सराहनीय है.







# खाली भूखंडों पर कचरा फेंकने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : आयुक्त



**भिलाई, 19 अक्टूबर ।** नगर निगम के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-01 नेहरू नगर क्षेत्र अंतर्गत लिम्हा तालाब, वार्ड क्रमांक 11 और 12 के मोहल्लों की सफाई व्यवस्था सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त पाण्डेय एवं वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद महेश वर्मा ने लिम्हा तालाब का जायजा लिया। उन्होंने तालाब की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए और अधिक सुधार के निर्देश दिए। इसी क्रम में आयुक्त एवं वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद तथा निगम सभापति गिरवर (बंटी) साहू ने वार्ड के गली-मोहल्लों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वार्ड के कुछ रिक्त भूखंडों पर स्थानीय निवासी कचरा डाल रहे हैं, जिससे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है। इस पर आयुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, खाली प्लॉट के मालिकों को अपने भूखंड पर निर्माण कार्य प्रारंभ करने या घेराबंदी कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 01 खम्हरिया में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन मकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी को शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने और आवागमन के लिए बनी सड़क को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कार्य में विलंबता देखकर आयुक्त ने एजेंसी पर नाराजगी भी जताई 7 निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता बसंत साहू, दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सर्वोत्तम छात्रवृत्ति के लिए 75 विद्यार्थियों को चुना गया




**भिलाई, 19 अक्टूबर ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ट्रॉफी सर्वोत्तम छात्रवृत्ति एवं प्रतिभा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन शुक्रवार को सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक ए. के. चक्रवर्ती तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवीण निगम, पवन कुमार, राकेश कुमार और अरुण कुमार उपस्थित रहे। समारोह में संयंत्र कर्मियों के मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। सर्वोत्तम छात्रवृत्ति के तहत 75 विद्यार्थियों को चुना गया, जिन्हें आईआईटी, आईआईएम, एम्स, एनआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए 25,000 रु प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

कुल 19.34 लाख की राशि वितरित की गई, जिसमें 14 विद्यार्थी अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से हैं। इसके साथ ही कक्षा 8वीं, 10वीं व 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को मेरिट पुरस्कार के रूप में 3.14 रु लाख की राशि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि चक्रवर्ती ने कहा कि यह छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की दिशा में प्रेरित करने का माध्यम है। संचालन सजीता राजेश एवं महुवा चटर्जी तथा धन्यवाद ज्ञापन सुमिता सरकार ने प्रस्तुत किया।

## 25 साल के युवक की हत्या के आरोप में 3 गिरफ्तार

**दुर्ग, 19 अक्टूबर ।** धनतेरस की पूर्व संध्या पर डिपरापारा थाना कोतवाली क्षेत्र में 25 साल की युवक की हत्या हुई है, मृतक का हाल ही में विवाह हुआ था, दुर्ग कोतवाली पुलिस ने मामले में फिलहाल 3 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। मार्केट में मिली थी लाश कोतवाली थाना अंतर्गत इंदिरा मार्केट में पत्थर से युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने का मृतक से बीड़ी मांगने को लेकर विवाद हुआ। इससे उपजे झगड़े के दौरान आरोपी ने युवक के सिर पर पत्थर पटक कर उसकी हत्या की थी। पुलिस ने बताया कि 9 अक्टूबर को इंदिरा बाजार सब्जी मंडी में एक शव मिला था, जिसकी पहचान नरेश ठाकुर उर्फ छोटू के रूप में हुई थी। मामले में मृतक के भाई विकास राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरा भाई नरेश रोजाना इंदिरा मार्केट सब्जी मंडी में सोता था। लेकिन 9 अक्टूबर को उसकी लाश मिली। उसके सिर से काफी खून निकला है। पीएम रिपोर्ट से हत्या का खुलासा होने पर धारा 103(1) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर नाबालिग को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में किशोर ने बताया कि 8 अक्टूबर की रात वह अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी में बाजा बजाने गया था। रात 12 बजे लुचकी पारा से पैदल बीड़ी पीते इंदिरा मार्केट सब्जी मंडी पहुंचा, जहां उससे एक व्यक्ति बीड़ी मांगने लगा।

## एक नजर

### नशामुक्त और मिठाईयुक्त दीपावली मनाए



**कवर्धा 19 अक्टूबर।** बोड़ला जनपद अध्यक्ष श्रीमती बालका रामकिंकर वर्मा, विधायक प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा और जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास ने दिवाली पर्व की बधाई देते हुए क्षेत्र वासियों से अपील की नशा मुक्त ओर मिठाई युक्त दीवाली मनाएं।

### निजी कंपनी के मैनेजर के बैंक खाते से 1 1.50 लाख रुपए की ठगी

**भिलाई 19 अक्टूबर।** खुर्सीपार थाना क्षेत्र प्राइवेट कंपनी के मैनेजर को स्कैमर्स ने नंबर पर एपीके फाइल भेज मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद उसके क्रेडिट कार्ड को हैक कर डेढ़ लाख रुपए की शॉपिंग कर ली रिपोट पर पुलिस धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी राजकुमार चौहान (35 साल ) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दुर्ग स्थित शिवनाथ आटोमोबाइल में टेकनीकल मैनेजर के पद पर पदस्थ है एसबीआई और एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से बिना उसकी जानकारी लेनदेन कर लिया गया मैसेज आने पर उसके क्रेडिट कार्ड अकाउंट से कुल 1 लाख 50 हजार 986 रुपए की ठगी की जानकारी मिली इस पर उसने तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर पर कॉल कर घटना की शिकायत दर्ज कराई है।

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**भिलाई 19 अक्टूबर।** जामुल थाना अंतर्गत एक युवक की पेड़ में फांसी पर लटकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई है पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है जामुल टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि एक युवक ने पेड़ में फांसी लगा लिया है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची शव को फांसी से नीचे उतारा शव का पहचान रावणभाठा जामुल निवाली सेवकराम साहू (38 साल) मूलत धमतरी की है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है

### गांजा बेचने वाली महिला से पुलिस ने किया गांजा जब्त

**भिलाई 19 अक्टूबर।** अवैध रूप से गांजा बेचने वाली महिला को छावनी पुलिस ने पकड़कर उसके कब्जे से 4 किलो गांजा जब्त किया है जब्त



गांजे की कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है छावनी पुलिस ने मामले में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है छावनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि पावर हाउस के पास एक महिला अवैध धन लाभअर्जित करने के आशय से अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के नीयत से अपने पास रखी है छावनी थाने पुलिस महिला को घेराबंदी कर पकड़ा पूछताछ करने पर अपना नाम ए. पुष्पा (50 साल ) निवासी सड़क नंबर 08 सेक्टर - 11, स्वीपर मोहल्ला निवासी बताया।

### शादीशुदा महिला का अश्लील वीडियो बनाकर धमकी, प्रकरण दर्ज

**भिलाई 19 अक्टूबर।** एक सेक्सटॉर्शन का प्रकरण सामने आया है। आरोपी ने शादीशुदा महिला का अश्लील वीडियो बनाकर धमकी दी और पैसे की मांग करते हुए जबरन शारीरिक संबंध बनाए महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गणेश रुंगटा के खिलाफ धारा 308, 64(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने बताया कि आरोपी गणेश रुंगटा की एक महिला से जान पहचान थी। उसने उसे ब्लैकमेल किया और कहा कि उसकी अश्लील वीडियो बना लिया है आरोपी ने महिला से पैसों की मांग की। जब महिला गणेश को पैसे देने पहुंची तब आरोपी ने महिला के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। महिला ने घटना की जानकारी अपने परिजन को दी इसके बाद आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत की गई।

## समाचार संक्षेप

### धान खरीद कर उसका 15.30 लाख रुपए का भुगतान नहीं किया

**भिलाई 19 अक्टूबर।** रायपुर के धान व्यापारी के साथ करीब 70000 किलोग्राम धान खरीद कर उसका भुगतान नहीं कर करीब 15.30 लाख रुपए की ठगी की है करने का मामला प्रकाश में आया है रिपोर्ट पर भिलाई नगर पुलिस मामले में धारा 318 (4) बीएनएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि धान व्यापारी कमल नरायण वर्मा (50 साल) निवासी ग्राम अकोली 2 (मांढर) ब्लाक धरसीवा थाना धरसीवा जिला रायपुर का निवासी है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 सितंबर एवं 19 सितंबर को भिलाई निवासी तक्ष कुमार टंडन ने धान व्यापारी कमल नारायण वर्मा के गांव आया एवं 69790 किलो धान को खरीदा एवं उक्त धान का खरीदी रकम 15,33082 रु. रकम का भुगतान के लिए धान व्यापारी कमल नारायण वर्मा को एचडीएफसी बैंक का चेक दिया। उक्त चेक को कमल ने जिला सहकारी बैंक धरसीवा जाकर खाते में जमा किया गया। जहां पर बैंक कर्मचारियों ने बताया कि तक्ष कुमार टंडन के खाते में रुपए नहीं है तब कमल ने तक्ष टंडन को फोन किया तो उसका मोबाइल बंद बता रहा था। धान व्यापारी कमल को पता चला कि उसके अलावा आसपास के गांव के व्यक्ति मिनाल कश्यप, शुभाष वर्मा , मूलचंद साहू के साथ भी तक्ष टंडन ने धोखाधड़ी की है।

### दीपावली और छठ पर्व को लेकर पुलिस ने बनाया होल्डिंग एरिया



**भिलाई 19 अक्टूबर।** दीपावली और छठ पर्व को लेकर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के भीड़ को देख उसे नियंत्रित करने के लिए पावर हाउस रेलवे स्टेशन में होल्डिंग एरिया पुलिस द्वारा बनाया गया है यात्रियों की सुविधा के लिए इसे बनाया गया है रेल सुरक्षा बल सहायता बूथ स्थापित भी किया है। जिसमें बल सदस्यों की प्रत्येक पाली में तैनाती बेहतर करेगें जिससे यात्रियों को हर समय सहायता मिल सके आरपीएफ और जीआरपी पुलिस के साथ मिलकर स्टेशन के प्रवेश और निकासी द्वारों पर बल सदस्यों की नियमित तैनाती की गई है लाउडहैलर व पीए सिस्टम के माध्यम से यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी जा सके सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से स्टेशन परिसर की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है ट्रेनों के आवागमन के समय रेल सुरक्षा बल व शासकीय रेलवे पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग कर ट्रेनों को सुरक्षित रूप से पास कराया जा रहा है। निपटने के लिए विभागों और पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया गया क्विक रिस्पांस टीम का गठन भी किया गया है रेल मदद हेल्पलाइन नंबर 139 तथा शासकीय रेलवे पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1512 का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है इस दौरान निरीक्षक मनीष व रेलवे पुलिस बल तैनात था।

### पुलिस ने सीआईएसएफसे सेवानिवृत्त जवान सूबेदार सिंह यादव के ठिकाने पर दबिश दी

**भिलाई 19 अक्टूबर।** पुलिस ने सीआईएसएफसे सेवानिवृत्त जवान सूबेदार सिंह यादव के ठिकाने पर दबिश दी। पुलिस की तलाशी में उसकी पुरानी कार से पिस्टल और दो जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की। उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपी मोहल्ले में पिस्टल के दम पर रौब झाड़ता था वैशाली नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली कि सूचना मिली कि वैशाली नगर थाना अंतर्गत जवाहर नगर स्थित मां शारदा टेडर्स के संचालक सूबेदार



सिंह यादव लोगों को कट्टा दिखाकर डराता और धमकाता रहता है दबिश दी हुलिया के आधार पर घेराबंदी कर सूबेदार सिंह यादव को पकड़ा गया उसे लेकर मकान 11551/4 कैलाश नगर उसके घर पहुंचे। पिस्टल के बारे में पहले वह नहीं बता रहा था। टीम ने उसकी पुरानी गाड़ियों की तलाशी ली। घर के पास खड़ी पुरानी मारुति कार से कट्टा और दो जिंदा कारतूस मिले वैशाली नगर टीआई ने बताया कि सूबेदार सिंह यादव (52 साल ) सीआईएसएफमें पदस्थ था। वह वीआरएस लेकर उत्तर प्रदेश से भिलाई आ गया यहां उसने खुद को बतौर और भवन निर्माण सामग्री की दुकान खोल ली। वह इसी दुकान के पास से आने जाने वाले युवकों को आए दिन सिगरेट आदी के बहाने धमकाता था। घटना के दो दिन पहले ही उसने कुछ युवकों पर पिस्टल तान दी थी उसी दौरान बनाया गया वीडियो बाद में वायरल हुआ।

## सभी अधिकारी व कर्मचारी हिंदी में शत-प्रतिशत कार्य करें : पवन कुमार

**भिलाई, 19 अक्टूबर ।** भिलाई इस्पात संयंत्र की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 150वीं तिमाही समीक्षा बैठक 17 अक्टूबर को कार्यपालक निदेशक एवं समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पवन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। पवन कुमार ने कहा कि हिंदी में कार्य करना आसान और प्रभावी है, इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी हिंदी में शत-प्रतिशत कार्यालयीन कार्य करें। अमूल्य प्रियदर्शी ने अतिथियों का स्वागत किया और राजीव कुमार ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र वर्ष 1991 से हिंदी में कार्य हेतु अधिसूचित संस्थान है, अतः हिंदी में काम करना हमारा दायित्व है। जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने पिछली बैठक की कार्यवाही का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और आगामी तिमाही की कार्यसूची वाचन की। बैठक के अंत में राजभाषा पखवाड़ा की समीक्षा एवं हिंदी साहित्य पर चर्चा की गई।






### जामुल में धनतेरस पर खिला दिव्य ब्रह्म कमल

**जामुल 19 अक्टूबर।** धनतेरस के अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पार्षद रेखराम बंछोर को देव पुष्प ब्रह्म कमल के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह दुर्लभ पुष्प वार्ड क्रमांक 4, जामुल निवासी राजकुमार निर्मल के घर पर खिला। इस अवसर पर दुर्गेश निर्मलकर महामंत्री, जामुल मंडल भाजपा, ओमप्रकाश साहू, पूर्णिमा साहू, रोहित लिल्हारे, रानू लिल्हारे, दर्शित लिल्हारे, सरिता साहू सहित क्षेत्र के अनेक मोहल्लेवासी उपस्थित रहे और सभी ने इस दिव्य पुष्प के दर्शन किए।

# उत्कृष्ट योगदान के लिए महिला श्रमिकों को किया सम्मानित

**भिलाई, 19 अक्टूबर ।** बीएसपी के सुरक्षा मित्र पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट योगदान एवं सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाने वाली महिला ठेका श्रमिकों को सम्मानित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक कार्तिकेय बेहेरा ने घर से घर तक सुरक्षा की अवधारणा पर बल देते हुए कहा कि सुरक्षा केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं, बल्कि यह जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए।




महाप्रबंधक जे. सुधाकर ने मशीनों के परिचालन में आवश्यक सतर्कता पर जोर दिया, जबकि महाप्रबंधक सी. पद्मनाभन ने विद्युतीय कार्यों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।विभागीय सुरक्षा अधिकारी एवं महाप्रबंधक हेमंत बहुरूपी ने महिला श्रमिकों की दुर्घटना रहित कार्य-संस्कृति की सराहना करते हुए उन्हें संयंत्र की सुरक्षा व्यवस्था की रीढ़ बताया।

वरिष्ठ प्रबंधक सुश्री हिमानी ठाकुर ने महिलाओं की कार्य एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखते हुए सुरक्षा मानकों के प्रति दिखाई जा रही प्रतिबद्धता को सराहा। वहीं सुश्री दीपा रावत ने उपकरणों के सुरक्षित उपयोग पर अपने अनुभव साझा किए। श्रीमती मेमबाई ने संयंत्र सुरक्षा पर प्रेरक कविता प्रस्तुत की। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्रीमती शारदा प्रथम, श्रीमती सरिता निषाद द्वितीय और श्रीमती गायत्री साहू तृतीय रहीं। श्रीमती मेमबाई को विशिष्ट पुरस्कार, जबकि सभी सहभागी महिला श्रमिकों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। संचालन में सुश्री तन्मयी, श्यामल बनर्जी, सुश्री नीता, सुश्री मीनू चौहान और सत्य नारायण मेहर का योगदान रहा 7आभार प्रदर्शन सुरक्षा अधिकारी एवं सहायक प्रबंधक दीपक पारया ने किया।

## भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना परिसर 30 लाख की लागत से बने आधुनिक किसान रेस्ट हाउस बलराम सदन का लोकार्पण कर

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गन्ना किसानों को 11.09 करोड़ के चेक वितरित किए

**कवर्धा 19 अक्टूबर।** उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने दीपावली पर्व को गन्ना किसानों के लिए ऐतिहासिक बनाते हुए आज भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना परिसर में 30 लाख रुपए की लागत से बने आधुनिक किसान रेस्ट हाऊस बलराम सदन का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। इस रेस्ट हाउस में सुविधा केंद्र में किसानों के ठहराव, विश्राम और आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। दीपावली पर धनतरेस में सौगातों की झड़ी लगाते हुए उप मुख्यमंत्री ने पेराई सत्र 2024ङ्क25 के गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को 11.09 करोड़ रुपये का बोनस राशि का चेक प्रदान किया, जिससे किसानों को आर्थिक बल मिला। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने शेयरधारक गन्ना उत्पादक किसानों को रियायती दर पर 50 किलो शक्कर वितरित कर त्यौहार की खुशियों को दोगुना कर दिया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने पंडरिया में किसान सदन, 5 लाख का सी सी रोड और 2 लाख 50 हजार रूपए की लागत से नली निर्माण की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के




हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतत् रूप से कार्य कर रही है। किसानों की आर्थिक उन्नति एवं समृद्धि के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम प्रदेश के खेत खलिहानों में स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में लगातार बढ़ रहे गन्ना उत्पादन को देखते हुए भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना की पेराई क्षमता बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है, जिससे किसानों को और बेहतर सुविधा तथा मूल्य प्राप्त हो सके। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में इस वर्ष भी रियायती दर पर शेयर धारक गन्ना किसानों को 50 किलो शक्कर वितरण का शुभारंभ किया गया है। रियायती दर पर शक्कर वितरण का यह कार्यक्रम लगातार दूसरे वर्ष संचालित किया जा रहा है, जिससे किसान को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि यह कारखाना किसानों का है, इसे भी किसानों ने ही मिल-जुलकर आगे बढ़ाना है। सरकार की मंशा स्पष्ट है कि कारखाना चलाने में किसानों की भागीदारी बढ़े और उन्हें प्रत्यक्ष लाभ मिले। वर्तमान में इस गन्ना सहकारी शक्कर कारखाना की पिराई क्षमता 4 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन की है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे अपने अधिक से अधिक गन्ने का विक्रय यहीं कारखाने में करें, ताकि पैदावार का उचित मूल्य सीधे उनके हाथों तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए आधुनिक 'किसान सदन' का निर्माण किया गया है, जहां प्रतीक्षा कक्ष, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि इस सदन का अधिक से अधिक उपयोग करें और अपनी सुविधाओं का लाभ लें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निकटवर्ती ग्रामों से गन्ना लाने-ले जाने हेतु जिन ग्रामीण सड़कों की हालत खराब है, उनकी मरम्मत के लिए स्वीकृति जारी हो चुकी है। कारखाना तक पहुँचने वाली सभी प्रमुख सड़कों को भी दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि परिवहन में कोई बाधा न आए। उन्होंने बताया कि कवर्धा जिले के स्वास्थ्य ढांचे को मज़बूती देने के लिए मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिल गई है, और शीघ्र भूमि पूजन किया जाएगा। जिला अस्पताल को अपग्रेड कर 220 बिस्तरों वाला आधुनिक अस्पताल बनाया जा रहा है। मरीजों की जांच सुविधा बढ़ाने के लिए आधुनिक सिटी स्कैन मशीन भी पहले ही स्थापित की जा चुकी है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि आज कवर्धा में भोजली तालाब के सामने 'हनुमंत वाटिका' का लोकार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही चिल्फी से रेंगाखर मार्ग हेतु 11 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जिससे इस पर्यटन एवं व्यवसायिक कॉरिडोर को गति मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन और छत्तीसगढ़ सरकार की दृढ़ इच्छा-शक्ति के परिणामस्वरूप बस्तर क्षेत्र में नक्सल उन्मूलन का अभूतपूर्व और ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीते कुछ वर्षों में लगातार चलाए जा रहे समन्वित सुरक्षा एवं विकास अभियान ने अब बड़े परिणाम देना शुरू कर दिया है। केवल एक ही दिन में 210 नक्सली हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटे हैं, जो छत्तीसगढ़ की सामाजिक समरसता और विकास यात्रा के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और गर्व का क्षण है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सशक्त नेतृत्व में आने वाले समय में समूचे बस्तर को न केवल पूरी तरह नक्सलमुक्त बनाया जाएगा, बल्कि इसे छत्तीसगढ़ के विकास का प्रमुख एतिहासिक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा, जहाँ शांति, विकास और समृद्धि एक साथ आगे बढ़ेंगे।

बलराम सदन किसान रेस्ट हाउस बनने से किसानों को सुविधा मिलेगी। वर्षों से ग्रामीण अंचलों से गन्ना बेचने के लिए कारखाना पहुंचने वाले किसानों की एक प्रमुख समस्या थी कि लंबी प्रतीक्षा के दौरान उनके बैठने व विश्राम के लिए कोई समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी।

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
खुशी अस्पताल
तिल्दा-नेवरा

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अमित चांवल उद्योग
तिल्दा-नेवरा

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ज्योति अस्पताल
तिल्दा-नेवरा

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रीमती चंद्रकला वर्मा
अध्यक्ष -नगर पालिका, तिल्दा नेवरा

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मिशन अस्पताल
तिल्दा-नेवरा

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्रीमती पलक विकास सुखवानी
उपाध्यक्ष-नगर पालिका, तिल्दा नेवरा

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुना अस्पताल
तिल्दा-नेवरा

Shree Cement
BANGUR CEMENT
SHREE जंग रोधक CEMENT
श्री रायपुर सीमेंट प्लांट
की ओर से समस्त देशवासियों को
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं


समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ओम अस्पताल
तिल्दा-नेवरा

समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ.आशीष सिन्हा
ब्लॉक मेडिकल अधिकारी
तिल्दा

# ट्रंप ने फिर एक बार झूठ बोला

राजनीति चाहे देश के भीतर की हो या देश के बाहर की हो, कई बार झूठ का उपयोग सच की तरह किया जाता है। कई देशों के बीच शक पैदा करने के लिए किया जाता है, अविश्वास पैदा करने के लिए किया जाता है। झूठ तो झूठ होता है, उसकी उमर ज्यादा नही होती है, उसकी पोल जल्द ही खुल जाती है। सबको पता चल जाता है कि झूठ का उपयोग सच की तरह किया गया है लेकिन झूठ तो झूठ होता है, उसकी पोल खुलते ही उस नेता का छवि खराब होती है, उसकी विश्वसनीयता कम होती है, उसकी कही गई किसी भी बात पर कोई भरोसा नहीं करता है, वह कभी गंभीरता से भी कोई बात कहता है तो लोगों को लगता है कि वह झूठ बोल रहा है।अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप झूठ के बाद झूठ कहते रहते हैं। उनको लगता है कि वह झूठ बोलकर देशों के बीच शक पैदा कर देंगे, अविश्वास पैदा कर देंगे, दो देशों को आपस में लड़ा देंगे, दो देशों की दोस्ती को खत्म कर देंगे। दो देशों के बीच संबंध बिगाड़ देंगे। लेकिन अब तक वह इसमें सफल नहीं हुए हैं। इस बार उन्होंने यह झूठ बोला है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उनको आश्वासन दिया है कि भारत रूस से तेल की खरीद जल्द बंद कर देगा। यह तुरंत नहीं हो सकता, इसमें वक्त लग सकता है लेकिन यह प्रक्रिया जल्द पूरी हो जाएगी। उन्होंने इसे रूस यूक्रेन युध्द रोकने की दिशा में बड़ा कदम बताया है। ट्रंप को उम्मीद रही होगी भारत इस बार तो उसके साथ खड़ा होगा और कहेगा कि ट्रंप जो कह रहे हैं, वह सच कह रहे हैं लेकिन भारत ने हमेशा झूठ का विरोध किया है। इस बार भी ट्रंप के झूठ का विरोध करते हुए भारत की तरफ से साफ कर दिया गया है कि अमरीका के राष्ट्रपति

## संपादकीय

डोनाल्ड ट्रंप व भारत के पीएम के बीच बुधवार को कोई ऐसी बात नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने साफ कहा है कि उनको ऐसी किसी बात की जानकारी नहीं है। ट्रंप की टिप्पणियों पर विदेश मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि भारत की ऊर्जा नीति राष्ट्रीय हितों पर आधारित है। भारत एक बड़ा तेल व गैस आयातक देश है। हमारी प्राथमिकता हमेशा भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना तथा स्थिर व सुलभ तेल व गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। ऐसा नहीं है ट्रंप ने इस तरह का झूठ पहली बार बोला है, इससे वह कह चुके हैं कि मैंने सुना है कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है। न तो पहले भारत ने ऐसा किया था और न ही भारत ने अब ऐसा किया है। भारत व रूस की दोस्ती बहुत पुरानी है और भरोसे वाली है यानी दोनों देश संकट के समय एक दूसरे काम आते हैं। एक दूसरे की मदद करते हैं। रूस ने कभी भारत को धोखा नहीं दिया है। ऐसा कोई काम नहीं किया है जिससे भारत को किसी तरह का नुकसान हो।रूस भारत का आजमाया हुआ दोस्त है,अमरीका चाहता है कि भारत रूस की जगह अमरीका के साथ खड़ा हो और रूस को कमजोर करने में अमरीका की मदद करे। भारत ने कई बार हर तरह के दवाब के बाद भी रूस के खिलाफ और अमरीका के साथ खड़ा नहीं हुआ। इससे अमरीका की रूस को हर तरह से कमजोर कर हराने का मंसूबा फेल हो गया है, रूस व यूक्रेन युध्द को रुकवाने का ट्रंप का वादा पूरा नहीं हो रहा है। ट्रंप ने जब से इजराइल व हमास का युध्द अस्थायी तौर पर रुकवा दिया है तो वह चाहते हैं कि अब रूस व यूक्रेन युध्द रुक किसी तरह रुक जाए तो पूरे विश्व के सामने वह खुद का शांति के मसीहा के रूप पेश कर सकें। वह रुस यूक्रेन युध्द रुकवाने के लिए पुतिन से बात कर चुके,भारत,चीन सहित यूरोपीय देशों पर दबाव डालकर देख चुके लेकिन भारत,चीन व यूरोपीय देशों के रूस से अच्छे संबंध होने के कारण वह अकेले कुछ कर नहीं पाए हैं। वह चाहते हैं कि वह कह रहे हैं कि सब रूस के खिलाफ हो जाएं तो सबको रूस के खिलाफ हो जाना चाहिए। लेकिन अमरीका से देशों को ऐसा कोई फायदा तो हो नहीं रहा है जैसा फायदा रूस से हो रहा है इसलिए चीन हो, भारत हो या यूरोपीय संघ के देश हों अमरीका की बात मान नहीं रहे हैं। जब अमरीका अपने देश के हित में सोचकर ही सबकुछ कर रहा है, अमरीका को फिर से ग्रेट बनाने के लिए कर रहा है तो दूसरे देशों को भी यह हक है कि वह अपने देश के हित देखें और जो उनके देश के हित में वही करें। सब देश यही कर रहे हैं तो ट्रंप को यह पसंद नहीं आ रहा है। वह सब देशों को टैरिफ के नाम पर डराने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन अब कोई डर नहीं रहा है।

# दीपावली भौतिक ही नहीं आत्मिक उजाले का महापर्व

**दीपावली**

**ललित गर्ग**



दीपावली केवल दीपों का ही पर्व नहीं है बल्कि यह आत्मा के भीतर बसे अंधकार को मिटाने की साधना का अनुष्ठान है। यह भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो जन-जन के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली का उजास फैलाती है। पांच दिवसीय इस उत्सव की श्रृंखला धनतेरस से आरंभ होकर भाई दूज तक चलती है, पर इसका अर्थ केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक यात्रा है। दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, इसका धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व भी है। दीपावली का संदेश है कि सच्चा उजाला बाह्य नहीं, बल्कि भीतर में होना चाहिए। हमारी आंतरिक 'उज्ज्वलता' ही सच्ची 'धन्यता' है, वही हमारे कर्म, करुणा और विवेक का उजाला है। यह पंच दिवसीय पर्वों की श्रृंखला भीतर बसे अहंकार, ईर्ष्या, द्वेष और लोभ जैसे नरकासुरों को समाप्त करने का दुर्लभ अवसर है। दीपावली का मूल भाव है अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, नकार से स्वीकार की ओर बढ़ना। जब लाखों दीप जलते हैं, तो वे केवल घरों को नहीं, हृदयों को भी प्रकाशित करते हैं। प्रत्येक दीप हमें यह संदेश देता है कि परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, जीवन में धर्म के दीप जलते रहना है, बुझना नहीं। दीपावली का संबंध अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक और दार्शनिक प्रसंगों से जुड़ा है। इसी दिन भगवान रामचंद्रजी चौदह वर्ष के वनवास और रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटे थे। यह धर्म, मर्यादा और सत्य की विजय का प्रतीक बना। प्राचीन हिन्दू महाकाव्य महाभारत अनुसार कुछ दीपावली को 12 वर्षों के वनवास व 1 वर्ष के अज्ञातवास के बाद पांडवों की वापसी के प्रतीक रूप में मानते हैं। जैन परंपरा में यह दिन अत्यंत पवित्र और ऐतिहासिक है, क्योंकि इसी दिन भगवान महावीर का निर्वाण हुआ और इसीलिए इसे महावीर निर्वाण दिवस कहा जाता है। महावीर का निर्वाण केवल देह का अंत नहीं था, बल्कि आत्मा की पूर्ण जागृति का क्षण था, जब उन्होंने संसार के अंधकार में मोक्ष का शाश्वत दीप प्रज्वलित किया। बौद्ध परंपरा में यह दिन बुद्धत्व की स्मृति का प्रतीक है, वहीं सिक्ख परंपरा में यह दिन गुरु हरगोविंदजी के कारावास से मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जब उन्होंने अन्य कैदियों को भी मुक्त कराया था। इन सभी प्रसंगों में एक अद्भुत एकता झलकती है- अंधकार से मुक्ति, ज्ञान से आलोक और अहंकार से आत्मा की ओर यात्रा। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' अर्थात अन्धकार की ओर नही, प्रकाश की ओर जाओ, यह उपनिषदों की आज्ञा है।

दीपावली अब केवल राष्ट्रीय ही नहीं, अन्तर्राष्ट्रीय पर्व बन गया है। दीपावली को विशेष रूप से हिंदू, जैन और सिख समुदाय के साथ विशेष रूप से दुनिया भर में मनाया जाता है- श्रीलंका, पाकिस्तान,



म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, मॉरीशस, केन्या, तंजानिया, दक्षिण अफ्रीका, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो, नीदरलैंड, कनाडा, ब्रिटेन शामिल संयुक्त अरब अमीरात, और संयुक्त राज्य अमेरिका। भारतीय संस्कृति की समझ और भारतीय मूल के लोगों के वैश्विक प्रवास के कारण दीपावली मनाने वाले देशों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। कुछ देशों में यह भारतीय प्रवासियों द्वारा मुख्य रूप से मनाया जाता है, अन्य दूसरे स्थानों में यह सामान्य स्थानीय संस्कृति का हिस्सा बनता जा रहा है। दीपावली का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू है गोवर्धन पूजा, जो प्रकृति के प्रति आभार का प्रतीक है। यह हमें सिखाती है कि समृद्धि केवल मनुष्य की मेहनत से नहीं, बल्कि प्रकृति की कृपा से भी मिलती है। गाय, अन्न, जल, वृक्ष, मिट्टी-सबका सम्मान ही सच्ची पूजा है। भाई दूज इस श्रृंखला का अंतिम दिन है, जो स्नेह और पारस्परिक विश्वास का दीप जलाता है। यह पर्व केवल बहन-भाई के संबंधों का उत्सव नहीं, बल्कि जीवन में प्रेम, सहयोग और संरक्षण के भाव को पुष्ट करने का अवसर है। दीपावली का मूल भाव अंधकार दूर भगाना है। जीवन को सुख और समृद्धि की रोशनी से जगमग करना है। एक पौराणिक कथा के अनुसार विष्णु ने नरसिंह रूप धारणकर हिरण्यकश्यप का वध किया था तथा इसी दिन समुद्रमंथन के पश्चात लक्ष्मी व धन्वंतरि प्रकट हुए। कई लोग दीपावली को भगवान विष्णु की पत्नी तथा उत्सव, धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी से जुड़ा हुआ मानते हैं। आज दीपावली का स्वरूप भले ही भव्य और चकाचौंध से भरा हो, पर इसका सच्चा अर्थ है भीतर के दीप को जलाना। जैसे हम घरों की सफाई करते हैं, वैसे ही अपने मन की सफाई भी आवश्यक है। ईर्ष्या, क्रोध, स्वार्थ और असत्य का अंधकार मिटे, और उसकी जगह सच्चाई, सहिष्णुता, करुणा और सेवा का उजास फैले-यही दीपावली का सार है। महात्मा गांधी ने कहा था, "सच्चा दीपक वही है जो अंधकार में राह दिखाए, न कि केवल सजावट बने।" यदि हम एक दीप अपने भीतर जलाएं-मानवता का, विनम्रता का, और सहअस्तित्व का तो यही सबसे बड़ा पूजन होगा।दीपावली का पर्व ज्योति का पर्व है। दीपावली का पर्व पुरुषार्थ का पर्व है। यह आत्म साक्षात्कार का पर्व है। यह अपने भीतर सुषुप्त चेतना को जगाने का अनुपम पर्व है। यह हमारे आभामंडल को विशुद्ध और पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक अखंड ज्योति जल रही है। उसकी लौ कभी-कभार मद्धिम जरूर हो जाती है, लेकिन बुझती नहीं है। उसका प्रकाश शाश्वत प्रकाश है। वह स्वयं में बहुत अधिक देदीप्यमान एवं प्रभामय है। इसी संदर्भ में महात्मा कबीरदासजी ने कहा था-'बाहर से तो कुछ न दीसे, भीतर जल रही जोत'। जो महापुरुष उस भीतरी ज्योति तक पहुँच गए, वे स्वयं ज्योतिर्मय बन गए। जो अपने भीतरी आलोक से आलोकित हो गए, वे सबके लिए आलोकमय बन गए। ज्ञान दुनिया का सबसे बड़ा प्रकाश दीप है। जब ज्ञान का दीप जलता है तब भीतर और बाहर दोनों आलोकित हो जाते हैं। अंधकार का साम्राज्य स्वतः समाप्त हो जाता है। ज्ञान के प्रकाश की आवश्यकता केवल भीतर के अंधकार मोह-मूर्च्छा को मिटाने के लिए ही नहीं, अपितु लोभ और आसक्ति के परिणामस्वरूप खड़ी हुई पर्यावरण प्रदूषण और अनैतिकता जैसी बाहरी समस्याओं को सुलझाने के लिए भी जरूरी है। यह हमारे आभामंडल को विशुद्ध और पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देने का पर्व है। प्रत्येक व्यक्ति के अंदर एक अखंड ज्योति जल रही है। उसकी लौ कभी-कभार मद्धिम जरूर हो जाती है, लेकिन बुझती नहीं है। उसका प्रकाश शाश्वत प्रकाश है। वह स्वयं में बहुत अधिक देदीप्यमान एवं प्रभामय है। इसी संदर्भ में महात्मा कबीरदासजी ने कहा था-'बाहर से तो कुछ न दीसे, भीतर जल रही जोत'। जो महापुरुष उस भीतरी ज्योति तक पहुँच गए, वे स्वयं ज्योतिर्मय बन गए। युद्ध, आतंकवाद, भय, हिंसा, प्रदूषण, अनैतिकता, ओजोन का नष्ट होना आदि समस्याएँ इक्कीसवीं सदी के मनुष्य के सामने चुनौती बनकर खड़ी है। आखिर इन समस्याओं का जनक भी मनुष्य ही तो है। मनुष्य को मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा। जहाँ धर्म का सूर्य उदित हो गया, वहाँ का अंधकार टिक नहीं सकता।दीपावली का संदेश सीमित नहीं है; यह हमें समाज, संस्कृति और मानवता के स्तर पर नया दृष्टिकोण देता है। यह केवल दीपों की पंक्तियाँ नहीं, बल्कि जीवन की दिशा है। हम केवल अपने घर को नहीं, बल्कि किसी और के जीवन को भी रोशन करेंगे। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि प्रकाश की सबसे बड़ी जीत तब होती है जब वह अंधकार के सबसे गहरे कोने में पहुँचता है। हरिवंश राय बच्चन के शब्दों में-"दीप जलाओ लेकिन ऐसे, जिसमें धुआँ न हो; उजाला हो, पर अहंकार न हो।" जब भीतर का दीप जलता है, तो बाहरी दीप स्वतः दीप्तिमान हो उठते हैं। दीपावली पर्व की सार्थकता के लिए जरूरी है, दीये बाहर के ही नहीं, दीये भीतर के भी जलने चाहिए। क्योंकि दीया कहीं भी जले उजाला देता है। दीए का संदेश है-हम जीवन से कभी पलायन न करें, जीवन को परिवर्तन दें, क्योंकि पलायन में मनुष्य के दामन पर बुजदिली का धब्बा लगता है, जबकि परिवर्तन में विकास की संभावनाएँ जीवन की सार्थक दिशाएँ खोज लेती हैं।

## सू- दोकू क्र.204

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.203का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -204


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक203का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप कुछ नया करने की कोशिश में लगे रहेंगे और अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी समय निकालेंगे। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा। आपको अपने आत्मविश्वास को मजबूत करके आगे बढ़ना होगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

वृषभ आज का दिन आपके लिए अचानक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी वाद-विवाद को मिल बैठकर सुलझाने की आवश्यकता है। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों में कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जाएंगे, तो उसमें परिवार के सदस्यों को साथ लेकर जाना बेहतर रहेगा, जिससे आपके रक्त संबंधी रिश्तों में भी मजबूती आएगी। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। संतान को कोई पुरस्कार मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। व्यापार कर रहे लोगों को कुछ बड़े लोगों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। यदि आपने बिना सोचे समझे धन का लेनदेन किया, तो इससे आपका धन फंसने की संभावना है। शेयर मार्केट में भी आप बहुत ही सोच विचार पर धन लगाएं। आपको अपनी माताजी की सेहत को लेकर टेंशन रहेगी। आप अपने कामों को पूरा करने की कोशिश में काफी मेहनत करेंगे।

कर्क आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। यदि आपकी कोई डील लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है। डिजाइनिंग से जुड़े लोगों को कोई अच्छा मौका मिलेगा। आप अपने व्यापार को संभालने की कोशिश में लगे रहेंगे। पिताजी से आपकी किसी बात को लेकर खटपट हो सकती है। आप अपनी वाणी और व्यवहार में मधुरता बनाए रखें। कुछ नए लोगों से मिलना जुलना आपके लिए बेहतर रहेगा।

सिंह आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। संतान को नौकरी से संबंधित किसी काम के लिए कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। भाई- बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें। कार्य क्षेत्र में आपको किसी काम के लिए पुरस्कार मिल सकता है। विद्यार्थियों की समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा। प्रॉपर्टी की खरीद -फरोख्त की योजना बना रहे थे, उसमें भी आपको थोड़ा ध्यान देना होगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपको छोटी-छोटी बातों पर बेवजह उलझनें से बचना होगा और आप अपनी सेहत के प्रति लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। परिवार में समस्याएं फिर से सिर उठाएंगी, लेकिन टीम वर्क के जरिए काम करने में कामयाब रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अपने कामों को कल पर ना टालें। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

तुला आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आज के दिन की शुरुआत थोड़ा कमजोर रहेगी। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर निपटाएं, तो ही आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपको किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोलनी होगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप किसी पूजा-पाठ के आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। जीवनसाथी को आप कहीं घूमाने-फिराने लेकर जा सकते हैं।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। आपको समझदारी से काम लेने की आवश्यकता है। आप बेवजह बातों को लेकर क्रोध न करें। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिल सकता है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आप अपने कामों को लेकर बुद्धि और विवेक से निर्णय लेंगे, तो किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं।

धनु आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष करने के लिए रहेगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ नए अनुभवों से लाभ मिलेगा। अध्ययन और आध्यात्म के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी। पारिवारिक मामलों को आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। विद्यार्थियों की अपनी पढ़ाई-लिखाई में लापरवाही करने से बचना होगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आपका कोई कानूनी मामला सुलझेगा।

मकर आज का दिन आपके लिए अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। आप किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचें और यदि आप काम को लेकर कोई लोन लेना चाहते थे, तो वह भी आपका आसानी से मिल जाएगा। संतान के शिक्षा में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए आप उनके गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं।

कुंभ आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर कुछ नए-नए आईडिया आएंगे, जिन्हें आप तुरंत अपने व्यवसाय में लगाएं। सेहत में यदि कोई समस्या चल रही थी, तो आप उसे यदि नजरअंदाज करेंगे, तो ही वह बढ़ सकती है। माताजी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आपके बॉस आपके दिए गए सुझावों से काफी खुश रहेंगे और आपके प्रमोशन की बात भी पक्की हो सकती है।

मीन आज का दिन नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए बेहतर रहने वाला है। आपको अपने रिश्तों में समानता लाने की कोशिश करनी होगी। आपको कोई काम को पूरा करने में यदि समस्या रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आप अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में आपको टीम वर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा, लेकिन आपके कुछ विरोधी आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे, जिनसे आपको बचने की आवश्यकता है।

# खुशियों की दीपावली : मन का अंधियारा दूर करने का समय

**डॉ प्रियंका सौरभ**



दीपावली वर्ष का वह पर्व है जो केवल अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर के तमस को मिटाकर आत्मिक प्रकाश जगाने का संदेश देता है। यह वह दिन है जब लोग घरों को सजाते हैं, दीपक जलाते हैं, नए वस्त्र पहनते हैं और मिठाइयाँ बाँटते हैं। परंतु क्या हमने कभी ठहरकर सोचा है कि असली दीपावली क्या केवल घर की सफाई और रोशनी से पूरी हो जाती है? क्या वास्तव में वह अंधकार, जिसके नाश के लिए यह पर्व मनाया जाता है, केवल दीवारों और आँगन में होता है या हमारे मन और व्यवहार में भी कहीं छिपा है? आज का समाज बाहरी चमक में इतना उलझ गया है कि भीतर की रोशनी मद्धम पड़ती जा रही है। दीपावली अब अक्सर दिखावे, खर्च और प्रतिस्पर्धा का उत्सव बनती जा रही है। लोग इस दिन अपने घर को हजारों लाइटों से सजा देते हैं, लेकिन अपने मन के कोनों में बसे अंधकार — ईर्ष्या, अहंकार, असंतोष और असहनशीलता — को नजरअंदाज कर देते हैं। त्योहार का असली उद्देश्य यही था कि हम अपने भीतर झाँकें, संबंधों को सहेजें और अपने चारों ओर स्नेह की रोशनी फैलाएं। मगर आज यह भावना बाज़ार और भौतिकता के शोर में खोती जा रही है। दीपावली केवल लक्ष्मी के आगमन का नहीं बल्कि आत्ममंथन का भी समय है। जब हम घर के हर कोने की धूल झाड़ते हैं, तो दरअसल हमें अपने मन की धूल भी झाड़नी चाहिए — पुरानी शिकायतें, मतभेद, कटुता और तनाव। हर दीपक यह याद दिलाता है कि अंधकार मिटाने के लिए केवल एक दीप ही काफी होता है, बशर्ते वह सच्चे मन से जलाया गया हो। परिवार में एक छोटी सी मुस्कान, एक क्षमा का भाव, एक प्रेमपूर्ण संवाद — यही वे दीप हैं जो रिश्तों के कोनों को रोशन करते हैं। आज के दौर में यह पर्व मानसिक स्वास्थ्य के संदर्भ में भी बहुत मायने रखता है। तेज़ भागदौड़, सामाजिक दबाव, कामकाजी तनाव और डिजिटल दुनिया की भागमभाग में इंसान भीतर से खाली होता जा रहा है। त्यौहारों को भी हमने एक "इवेंट" बना दिया है — फोटोशूट, सोशल मीडिया पोस्ट और महंगे तोहफों की परंपरा ने उसकी आत्मा को कमजोर कर दिया है। हमें यह याद रखना होगा कि दीपावली का आनंद केवल बाहरी सजावट में नहीं, बल्कि उस मानसिक सुकून में है जो हमें अपनेपन, संवाद और आत्मीयता से मिलता है। आजकल के बच्चे और युवा पटाखों की चमक में खुशियाँ ढूंढते हैं। लेकिन क्या हमें यह अधिकार है कि अपनी खुशी के लिए पर्यावरण को प्रदूषित करें? धुएं और शोर से भरी हवा में सांस लेता हर जीव, हर बच्चा और हर बुजुर्ग इस खुशी की कीमत चुका रहा है। असली आनंद तो तब है जब हमारे दीपक किसी को कष्ट न दें। जब हम धरती माँ के प्रति भी उतने ही संवेदनशील हों जितने अपने घर के प्रति। पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाना अब केवल विकल्प नहीं, जिम्मेदारी बन चुकी है। मिट्टी के दीप, प्राकृतिक रंगों की सजावट और स्थानीय उत्पादों का उपयोग करके भी हम इस पर्व को सुंदर बना सकते हैं — और यह सौंदर्य कृत्रिम रोशनी से कहीं अधिक स्थायी है।

दीपावली के अवसर पर एक और अंधकार मिटाने की आवश्यकता है — वह है अकेलेपन और मानसिक बेचैनी का अंधकार। त्योहार का मौसम बहुतों के लिए उत्सव का होता है, लेकिन कुछ लोगों के लिए यह यादों और उदासी का समय भी होता है। जिनके अपने दूर हैं, जो किसी प्रिय को खो चुके हैं, या जो आर्थिक और सामाजिक संघर्षों से जूझ रहे हैं — उनके लिए यह रोशनी कई बार चुभन का कारण बनती है। ऐसे में समाज का कर्तव्य है कि वह अपने आसपास के ऐसे लोगों को भी इस रोशनी में शामिल करे। दीपावली का असली अर्थ तभी पूर्ण होगा जब किसी के घर का अंधकार भी हमारे दीप से दूर हो। हमारे शास्त्र कहते हैं — तमसो मा ज्योतिर्गमय — यानी हमें अंधकार से प्रकाश की ओर जाना चाहिए। यह प्रकाश केवल दीपक का नहीं बल्कि ज्ञान, विवेक और करुणा का है। जब मन में करुणा का प्रकाश जलता है, तो वह हजारों दीपकों से अधिक उजाला फैलाता है। दीपावली हमें यही सिखाती है कि जीवन में प्रकाश फैलाना केवल दिए जलाने का नहीं, बल्कि दया, सत्य और प्रेम की राह पर चलने का प्रतीक है। त्योहारों का मकसद केवल परंपरा निभाना नहीं होता। वे हमें रुककर सोचने का अवसर देते हैं कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। दीपावली हमें याद दिलाती है कि जो प्रकाश बाहर है, वह तभी स्थायी होगा जब भीतर भी उजाला हो। जब हम अपने भीतर के राम को जगाते हैं और रावण रूपी अहंकार, द्वेष और लालच को जलाते हैं, तभी सच्ची दीपावली मनती है। आज के समय में यह भी जरूरी है कि हम दीपावली को "समावेशिता का पर्व" बनाएं। समाज में विभाजन की दीवारें, जाति-धर्म के मतभेद, आर्थिक असमानता — ये सब हमारे युग के अंधकार हैं। अगर हर व्यक्ति अपने स्तर पर थोड़ा सा प्रकाश फैला सके — किसी गरीब को भोजन दे दे, किसी बच्चे की शिक्षा में सहयोग करे, किसी बीमार को सहारा दे — तो वही दीपावली सबसे उज्ज्वल होगी। असली लक्ष्मी वही है जो करुणा, दया और सेवा के रूप में घर में प्रवेश करे। दीपावली व्यापार का भी पर्व मानी जाती है। यह समय होता है जब बाजारों में रौनक रहती है, कारोबारियों की आशाएं बढ़ती हैं। लेकिन व्यापारी समुदाय को भी यह नहीं भूलना चाहिए कि सच्चा लाभ केवल आर्थिक नहीं, नैतिक भी होता है। ईमानदारी, पारदर्शिता और ग्राहक के प्रति सम्मान ही वह पूंजी है जो लंबे समय तक टिकती है। जब बाजार में विश्वास का दीप जलेगा, तभी समाज समृद्ध होगा। हमारी संस्कृति में यह भी कहा गया है कि "दीपावली केवल संपन्नता का नहीं, संयम का भी प्रतीक है।" इसलिए अत्यधिक उपभोग, दिखावा और प्रतिस्पर्धा से बचना ही सच्ची श्रद्धा है। यह पर्व हमें सिखाता है कि "थोड़े में भी बहुत" कैसे पाया जा सकता है। जिस घर में प्रेम, संतोष और एकता है, वहाँ हर दिन दीपावली है। आज जरूरत है कि हम दीपावली को एक आध्यात्मिक और सामाजिक आंदोलन के रूप में देखें। हर व्यक्ति अपने जीवन में एक संकल्प ले — कि वह किसी न किसी रूप में प्रकाश फैलाएगा। कोई ज्ञान के दीप जलाएगा, कोई सहायता का, कोई प्रेम का। जब हर व्यक्ति एक दीप बनेगा, तो समाज में ऐसा उजाला फैलेगा जिसे कोई अंधकार मिटा नहीं सकेगा। कभी-कभी यह भी आवश्यक है कि हम इस पर्व को कुछ पल की शांति के साथ मनाएँ। आत्मचिंतन के कुछ क्षण, अपने प्रियजनों के साथ समय बिताना, और अपनी उपलब्धियों व कमियों पर विचार करना भी दीपावली का हिस्सा होना चाहिए। जब हम अपने भीतर के दीप से मार्ग रोशन करते हैं, तो जीवन में दिशा स्पष्ट होती है। दीपावली का अर्थ केवल "दीप" नहीं, "आवली" अर्थात् श्रृंखला भी है। यह श्रृंखला बताती है कि प्रकाश एक से दूसरे तक पहुँचता है। यही मानवता का मूल संदेश है — एक दीप दूसरे को जलाए, एक दिल दूसरे को रोशन करे। तभी यह संसार अंधकार से मुक्त हो सकेगा। अंततः, इस दीपावली पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम केवल अपने घर को नहीं, बल्कि अपने विचारों, व्यवहारों और समाज को भी प्रकाशित करेंगे। शोर और प्रदूषण से दूर, सरलता और स्नेह से भरी दीपावली ही सच्चे अर्थों में "खुशियों और सुकून की दीपावली" होगी। यही दीपक भारत की संस्कृति का प्रतीक बनेगा — जहाँ रोशनी केवल बिजली से नहीं, बल्कि इंसानियत से फैलती है।

## एक नजर

### भाई दूज पर स्थानीय अवकाश घोषित

**बीजापुर 19 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला बीजापुर में वर्ष 2025 के लिए घोषित स्थानीय अवकाश सूची में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में जारी आदेश के तहत दीपावली का दूसरा दिन अर्थात 21 अक्टूबर 2025 (गोवर्धन पूजा) स्थानीय अवकाश के रूप में घोषित था। किंतु छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के तहत उक्त दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के कारण अब जिला बीजापुर में इस तिथि को स्थानीय अवकाश के रूप में नहीं माना जाएगा। कलेक्टर द्वारा किए गए संशोधन के अनुसार अब भाई दूज (23 अक्टूबर 2025, गुरुवार) को संपूर्ण बीजापुर जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि उक्त स्थानीय अवकाश के दिन बैंक एवं कोषालय यथावत खुले रहेंगे, जबकि शेष पूर्व घोषित अवकाशों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

### 8 दिवसीय अटल पंचायत बैंक मित्र प्रशिक्षण 32 लोगों को दिया गया

**बीजापुर 19 अक्टूबर।** भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) बीजापुर में 08 अक्टूबर 2025 से 16 अक्टूबर 2025 तक आयोजित 8 दिवसीय अटल पंचायत बैंक मित्रा प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में कुल 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने पर IIBF द्वारा आयोजित परीक्षा में सभी 32 प्रशिक्षणार्थी उत्तीर्ण हुए, जो कि संस्थान के लिए गर्व का विषय है। समापन अवसर पर आरसेटी बीजापुर के निदेशक श्री अमृत कुमार एक्का, संकाय सदस्य श्री संजय कुमार दुलम एवं आरसेटी स्टाफउपस्थित रहे।

### बैठक में सीईओ ने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

**बीजापुर 19 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जल-जीवन मिशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, बिजली, महिला एवं बाल विकास तथा आधारभूत सुविधाओं से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। सीईओ ने जल जीवन मिशन के तहत नए कैंपों और प्रभावित ग्रामों में शीघ्र पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी ब्लॉकों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, पैन कार्ड जैसी नागरिक सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया। उन्होंने आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ितों से संबंधित मामलों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मोबाइल नेटवर्क की समस्या पर विशेष चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में मोबाईल टावर लगाए जाने हैं जल्द से जल्द सर्वे कर नया मोबाइल टावर स्थापित करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, चिरायु योजना की प्रगति तथा पोटा केबिन आश्रमों और छात्रावासों में स्वास्थ्य जांच पर विशेष बल दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की मातृ वंदना योजना, ट्राइबल विभाग की आदि कर्मयोगी योजना और विलेज डेवलपमेंट कार्यक्रम की प्रगति पर भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड शिविर लगाकर अधिक से अधिक नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। कौशल विकास योजनाओं और नक्सल पीड़ितों को मिलने वाले लाभ की स्थिति पर भी विस्तृत जानकारी ली गई। बैठक में जिले में चल रहे रजत महोत्सव कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में सभी अनुभागों के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### 13 मृतकों के परिजनों को 52 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर 19 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत् राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से मृतकों के परिजनों को 52 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु, नदी-नाले के पानी में डुबने से मृत्यु, गाज गिरने के मृत्यु सहित कुल 13 प्रकरणों में प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपए कुल 52 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

# रेबीज उन्मूलन के लिए जिले में की जा रही ठोस पहल

**बीजापुर 19 अक्टूबर।** रेबीज एक गंभीर जनस्वास्थ्य समस्या है, जो 100 प्रतिशत जानलेवा है, किन्तु समय पर उपचार से पूर्णतः रोकी जा सकती है। भारत सरकार ने वर्ष 2030 तक रेबीज मुक्त भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला बीजापुर में विभिन्न गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ लागू किया जा रहा है। एंटी रेबीज वैक्सीन एवं सीरम की उपलब्धता- जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं, गंभीर मामलों में एंटी रेबीज सीरम देने हेतु मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थानों में संदर्भित करने की व्यवस्था की गई है। जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक वैक्सीन एवं सीरम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मरीजों को सुरक्षित रूप से रेफर करने हेतु 108 एम्बुलेंस सेवा का उपयोग किया जाएगा। घाव धुलाई की सुविधा- सभी स्वास्थ्य संस्थानों में साबुन एवं बहते पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। एंटी रेबीज क्लीनिक में घाव धोने हेतु निरंतर साफ चलने वाले नल के पानी की व्यवस्था की जा रही है। वाशिंग एरिया में मानक संचालन प्रक्रिया स्हक्र के पोस्टर प्रदर्शित किए जाएंगे।




प्रशिक्षण कार्यक्रम- चिकित्सकों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं मितानिनों को रेबीज प्रबंधन और पोस्ट एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस प्रोटोकॉल पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत मॉनिटरिंग भी की जाएगी। जन-जागरूकता अभियान- जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से स्कूलों में तथा पंचायत एवं नगरीय प्रशासन विभाग के सहयोग से अस्पताल, बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। अन्तर्विभागीय सहयोग- रेबीज नियंत्रण में पशुपालन, नगर निकाय, ग्रामीण विकास एवं शिक्षा विभागों के साथ समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि सामूहिक रूप से लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। डाटा साझाकरण एवं रिपोर्टिंग- सभी पशु-काटने, कुत्ता काटने एवं संदिग्ध रेबीज के मामलों की रिपोर्टिंग राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण पोर्टल पर समय-सीमा में की जा रही है। साथ ही, पशुधन विकास विभाग एवं पशु चिकित्सा सेवाओं के साथ आंकड़े साझा किए जा रहे हैं। कुत्तों का सामूहिक टीकाकरण एवं नसबंदी- पशुपालन विभाग एवं स्थानीय निकायों के सहयोग से कुत्तों के सामूहिक टीकाकरण एवं नसबंदी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि संक्रमण के स्रोत पर नियंत्रण पाया जा सके।

### केशकाल विकासखंड की ग्राम पंचायत धनोरा की

# रतो बाई को विशेष परियोजना में मिला पक्का घर

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष में कोंडागांव जिले के केशकाल विकासखंड के ग्राम पंचायत धनोरा की रतो बाई के जीवन में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने दीपोत्सव के पूर्व नई रोशनी लाई है। सुदूर वनांचल की अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिला नक्सल हिंसा से पीड़ित रती बाई को केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में चल रही इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत एक विशेष परियोजना के माध्यम से पक्का आवास प्राप्त हुआ है।




रतो बाई को योजना के तहत 1.20 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया था। इस योजना की एक उल्लेखनीय विशेषता यह भी है आवास निर्माण के लिए उन्हें मनरेगा के तहत 90 दिवस का सुनिश्चित पारिश्रमिक 23490 रूपए भी मिला। यह सहयोग रत्तो बाई के लिए एक महत्वपूर्ण संबल साबित हुआ। जीविकोपार्जन के लिए रतो बाई सब्जी बेचने का कार्य करती है। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के साथ ही रतो बाई को महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला योजना, नल जल योजना सौभाग्य योजना, शौचालय जैसे मूलभूत आवश्यकता को पूरा करने वाली योजनाओं का लाभ भी मिला है। यह विशेष परियोजना नक्सल हिंसा से प्रभावित वर्गों के कल्याण के लिए सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाती है। इसका उद्देश्य ऐसे परिवारों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना है। इस पक्के आवास की प्राप्ति ने उन्हें एक सुरक्षित ठिकाना दिया है और उनकी वर्षों पुरानी चिंता को समाप्त किया है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन किस प्रकार अंतिम व्यक्ति तक पहुँचकर उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। यह योजना न केवल लोगों को पक्के मकान उपलब्ध करा रही है, बल्कि उन्हें रोजगार, सुरक्षा और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार भी सुनिश्चित कर रही है।


# आत्मसमर्पित माओवादियों को मिल रहा आजीविका प्रशिक्षण

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** शासन की संवेदनशील पुनर्वास नीति का परिणाम है कि कभी बड़ी संख्या में माओवादी गतिविधियों में संलग्न युवा अब शांति के मार्ग के प्रगतिरत है। शासन की पुनर्वास नीति के तहत मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में आत्मसमर्पित माओवादियों को आजीविका गतिविधियों का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। ऐसे ही पुनर्वास केंद्र आड़ावाल में 69 नक्सल आत्मसमर्पित युवाओं को आजीविका गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिनमें 23 महिला एवं 12 पुरूषों को बकरी पालन के साथ-साथ फिनाइल एवं डिटर्जेंट निर्माण का प्रशिक्षण आरएसईटीआई के माध्यम से प्रदान किया जा रहा है। वहीं 34 पुरुष



लाभार्थी ग्रामीण राजमिस्त्री के रूप में प्रशिक्षण आरएसईटीआई के माध्यम से दिया जा रहा है, ताकि वे मुख्यधारा में लौटकर आजीविका प्राप्त करने के साथ समाज में सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर सकें। इस पुनर्वास केन्द्र का आज बस्तर के संभागायुक्त श्री डोमन सिंह ने निरीक्षण किया। जहां उन्होंने प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रशिक्षुओं से आवासीय सुविधा, भोजन, स्वास्थ्य परीक्षण, सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुधार संबंधी सुझाव दिए। उन्होंने आत्मसमर्पित लाभार्थियों के पुनर्वास एवं आजीविका संवर्धन हेतु संचालित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि बस्तर जिले के पुनर्वास केंद्र का नाम नवाँ बाट रखा गया है जो एक गोंडी शब्द है। जिसका हिंदी में अर्थ नई राह होता है। यह इस पुनर्वास केंद्र की भावना को दर्शाता है जहां भटके हुए युवा समाज की मुख्यधारा में जुड़कर सम्मानजनक जीवन की नई राह पर आगे बढ़ने की दिशा में अग्रसर हैं।

### तीरथगढ़ जलप्रपात के पास बंबू राफ्टिंग का लुत्फ उठाएंगे सैलानी



**जगदलपुर19 अक्टूबर।** तीरथगढ़ जलप्रपात के समीप अब पर्यटक बंबू राफ्टिंग का रोमांचक अनुभव ले सकेंगे। दरभा ब्लॉक में स्थित इस पर्यटन स्थल पर बंबू राफ्टिंग, कॉटेज और कैटिन का शुभारंभ।

# पीएम आवास में प्रगति की प्रतिदिन होगी समीक्षा, नहीं बख्शे जाएंगे लापरवाह :कलेक्टर

**बीजापुर 19 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने इंद्रावती सभागार में ग्रामीण विकास की योजनाओं की गहन समीक्षा की। केन्द्र शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण में धीमी प्रगति को देखते हुए कलेक्टर ने विडियो कॉन्फेसिंग के माध्यम से जनपदवार प्रतिदिन स्वयं समीक्षा करने की बात कही। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चैबे को प्रत्येक आवास निर्माण की प्रगति की समय सीमा तय करते हुए ग्राम पंचायत में हितग्राही वार स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास की वास्तविक प्रगति को संकलन जनपद पंचायतों से कराये जाने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि प्रतिदिन समीक्षा में आवास निर्माण नहीं होने का कारण भी बताना होगा, पी एम आवास योजना में लापरवाही की स्थिति में कार्रवाई की जावेगी। बैठक



में कलेक्टर ने मनरेगा योजनान्तर्गत पूर्व के अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से लेते हुए सब डिविजनल आफिसर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को समय सीमा तय कर पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया।

मनरेगा में जॉबकार्डधारी परिवारों के आधार और बैंक खाता में प्रगति लाने एवं ई-केवासी किये जाने निर्देशित किया। आंगनबाड़ी भवन, उचित मूल्य की दुकान और पंचायत भवन निर्माण को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। एनआरएलएम योजनांतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका मूलक गतिविधि से जोड़ने निर्देशित किया। महिलाओं को सब्जी उत्पादन, वनोंपज जैसे महुआ, ईमली, आम, टोरा का वन विभाग से समन्वय कर कार्ययोजना बनाये जाने निर्देशित किया।

## समाचार संक्षेप

### रबी के लिए पानी सहेजने की जरूरत

**जगदलपुर 19 अक्टूबर।** बस्तर में इस साल भले ही सामान्य बारिश दर्ज की गयी, लेकिन इन्द्रावती का जलस्तर वार्निंग लेबल को छू नहीं सका, वहीं अब बारिश बंद होने से अभी से ही जलस्त्रोत सिमटने लगे हैं। बरसाती नालों में तो बहुत ही कम पानी बह रहा है, ऐसे में यदि समय रहते एनीकट व स्टाप डेम में पानी नहीं रोका गया तो पूरा पानी बह जाएगा। ज्ञात हो कि वर्तमान में इन्द्रावती नदी का जलस्तर भी काफी कम हो गया है। अब बारिश की संभावना नहीं है, ऐसे में रबि फसल के लिए पानी को सहेजकर रखना बहुत जरूरी है। उल्लेखनीय है कि गर्मी के सीजन में किसानों को सिंचाई करने पानी उपलब्ध कराने नदी के अलावा बरसाती नालों में भी स्टाप डेम का निर्माण जगह-जगह किया गया है। इस साल बारिश समय से पहले बंद हो गया, इसके कारण इन दिनों बरसाती नालों में बहुत ही कम पानी बह रहा है। बरसात के मौसम में खेतों से बहता पानी नालों में समाहित होता है, ऐसे में गर्मी के सीजन में किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने स्टाप डेम में पानी रोकना आवश्यक हो गया है। पानी नहीं रोकने से होती है गर्मी में परेशानी गर्मी के सीजन में नदी व बरसाती नालों के किनारे बड़ी संख्या में किसान खेती करते हैं, ऐसे में स्टाप डेम में पानी रोकना बहुत जरूरी है। वर्तमान में ना लों में पानी बह रहा है और अब बारिश के आसार नहीं हैं। यदि समय रहते पानी नहीं रोका गया तो पूरा पानी बह जाएगा। पिछले साल भी कई जगहों पर पानी नहीं रोका गया और पूरा पानी बह गया था।

### राउरकेला एक्सप्रेस स्थगित किए जाने से यात्री परेशान

**जगदलपुर 19 अक्टूबर।** एक तरफ दीपावली और छठ पर्व के मौके पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रायगढ़ा रेल प्रबंधन ने जगदलपुर से राउरकेला जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में अतिरिक्त बोगी की व्यवस्था की है, वहीं दूसरी तरफ ठीक 20 और 21 अक्टूबर को इस ट्रेन को कैंसिल भी कर दिया गया है। जिसके चलते यात्रियों में काफी नाराजगी देखी जा रही है।यात्रियों का कहना है कि लोग दिवाली मनाने के बाद छठ पूजा मनाने बड़ी संख्या में अपने घर जाना चाहते हैं। ऐसे त्यौहारी सीजन में ट्रेनों को स्थगित करना गलत है, अगर रेल विभाग ट्रैक पर कोई विकास कार्य करना था, तो उसे वह दीपावली के बाद भी कर सकता है। अभी ट्रेनों को कैंसिल करना पूरी तरह से गलत है। इधर रेल प्रबंधन ने बताया है कि 18107 राउरकेला-जगदलपुर एक्सप्रेस 14, 21, 28 अक्टूबर, 4, 11, 18, 25 नवंबर, 9 व 16 दिसंबर को कैंसिल है। इसी तरह 18108 जगदलपुर-राउरकेला एक्सप्रेस अक्टूबर, 15, 22,219 अक्टूबर तथा, 2,12,19,25 नवंबर तथा 10 व 17 दिसंबर को कैंसिल कर दी गई है।

**सबसे ज्यादा स्थगित की जा रही यह ट्रेन:** यात्रियों का कहना है कि जगदलपुर से राउरकेला जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस को ही सबसे ज्यादा कैंसिल किया जा रहा है। अभी अगले 3 महीने में फिर इसे 9 दिनों के लिए स्थगित किया जा रहा है। रेलवे द्वारा आकस्मिक रूप से ट्रेनों का आवागमन रोकना पूर्व निर्धारित यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनता है।

### बहाली और वेतन देने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर19 अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों की 33 दिनों तक चली हड़ताल के बाद सरकार के साथ 6 मांगों पर सहमति बनने पर एनएचएम कर्मचारियों ने हड़ताल स्थगित कर दी, लेकिन अब तक इस हड़ताल के चलते बर्खास्त किए गए कर्मचारियों की बहाली नहीं की गई और न ही उन्हें इस अवधि का वेतन मिला। इसे लेकर परेशान एनएचएम कर्मचारियों ने दरभा ब्लॉक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंहदेव से मुलाकात की। कर्मचारियों ने अपनी दो मांगों को लेकर ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा। कर्मचारियों ने कहा कि हड़ताल के दौरान जिन 25 कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था, उन्हें सम्मानजनक ढंग से तत्काल बहाल किया जाए। इसके साथ ही कर्मचारियों की 33 दिनों की हड़ताल अवधि को शून्य मानते हुए, उन्हें इस अवधि का पूरा वेतन दिया जाए। इसके साथ कर्मचारियों ने प्रदेश अध्यक्ष से कहा कि वे इस मामले में मध्यस्थता करें ताकि, हड़ताल खत्म होने के पश्चात कर्मचारी पूर्ण संतुष्टि और मनोबल के साथ फिर से अपनी सेवाओं पर लौट सकें। कर्मचारियों ने जोर दिया कि उनकी हड़ताल अपने हक की जायज लड़ाई थी, और इस कारण किसी भी कर्मचारी का भविष्य अंधकारमय नहीं होना चाहिए। कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रदेश अध्यक्ष सिंहदेव उनके निवेदन पर गंभीरता से विचार करेंगे और इस संबंध में सकारात्मक निर्णय लेंगे।

# आईटीबीपी जवानों की हत्या में शामिल 1 लाख के ईनामी नक्सली पिलसाय ने किया आत्मसमर्पण

**कोंडागांव 19 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के पूर्वी बस्तर डिवीजन अंतर्गत सक्रिय 1 लाख रुपये के ईनामी नक्सली पिलसाय कश्यप पिता सुखराम कश्यप उम्र 32 वर्ष, निवासी कुदुर जिला कोंडागांव ने शनिवार को कोंडागांव एसपी वॉय अक्षय कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। पिलसाय कश्यप कृषि विभाग/आमदई एलओएस सदस्य के रूप में सक्रिय था। लगातार चल रहे नक्सल विरोधी अभियानों, संगठन के अंदरूनी मतभेद, वरिष्ठ नेताओं के आत्मसमर्पण तथा समाज की मुख्यधारा में लौटकर शांतिपूर्ण जीवन जीने की चाह ने उसे आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित किया। आत्मसमर्पण के दौरान उसे छत्तीसगढ़ आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास



नीति-2025 के तहत 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कोंडागांव एसपी वॉय अक्षय कुमार ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सली पर कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिनमें वर्ष 2021 में आईटीबीपी जवानों पर फायरिंग कर दो जवानों की हत्या, वर्ष 2024 में दुड़मी गांव में जियो टावर जलाने तथा अन्य लूटपाट की घटनाएं शामिल रहा । आत्मसमर्पण का श्रेय शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, सड़कों के विस्तार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, मोबाइल नेटवर्क जैसी सुविधाओं की पहुंच और सुरक्षा बलों की सकारात्मक सामुदायिक पुलिसिंग को जाता है। आत्मसमर्पण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) रूपेश कुमार डांडे, डिप्टी कमांडेंट कमल सिंह, उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव एवं सीआरपीएफ 188वीं बटालियन के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बच्चों ने स्वागत गीत गाकर किया अभिवादन, कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत भी रहे उपस्थित

# 'बस्तर राइजिंग' अभियान के तहत प्रतिनिधिमंडल ने समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में बच्चों संग बिताया समय

**बीजापुर 19 अक्टूबर।** 'बस्तर राइजिंग' अभियान के अंतर्गत बीजापुर पहुँचे प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञानगुड़ी स्थित समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का दौरा किया। विद्यालय पहुँचने पर बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। टीम के सदस्यों ने बच्चों के साथ भोजन किया, खेल खेले तथा शिक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने यह भी जाना कि दिव्यांग बच्चों को किस प्रकार शिक्षा दी जा रही है और उनकी विशेष आवश्यकताओं का ध्यान कैसे रखा जाता है। बच्चों के साथ बातचीत कर टीम के सदस्यों ने उनके उत्साह और आत्मविश्वास की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे भी उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यालय में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और बच्चों को उज्ज्वल



भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। 'बस्तर राइजिंग' टीम ने गारमेंट फैक्ट्री और सेंट्रल लाइब्रेरी का किया दौरा- 'बस्तर राइजिंग' अभियान के तहत प्रतिनिधिमंडल ने बीजापुर गारमेंट फैक्ट्री का भी दौरा किया। इस दौरान टीम ने फैक्ट्री में कपड़ों की सिलाई, डिजाइनिंग और उत्पादन प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली तथा यहां कार्यरत महिलाओं से मुलाकात की। उन्होंने महिलाओं और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की इसके बाद टीम बीजापुर सेंट्रल लाइब्रेरी पहुँची, जहाँ उन्होंने अध्ययनरत छात्रों से मुलाकात की और उनकी शैक्षणिक रुचियों व सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। टीम के सदस्यों ने कहा कि ऐसी पहलें बीजापुर के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती हैं और जिले के विकास में नई ऊर्जा का संचार करती हैं।

### बस्तर राइजिंग' अभियान के तहत बीजापुर पहुँचा प्रतिनिधिमंडल -नम्बी वाटरफॉल में पर्यटकों से की मुलाकात

'बस्तर राइजिंग' अभियान के अंतर्गत बीजापुर पहुँचे प्रतिनिधिमंडल ने जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नम्बी वाटरफॉल का दौरा किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने वहां घूमने आए पर्यटकों से बातचीत कर बीजापुर की संस्कृति, खानपान और परंपराओं के बारे में जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय आदिवासी भाई-बहनों से भी मुलाकात कर उनकी जीवन शैली, पारंपरिक रीति-रिवाज, लोककला और



आजीविका के साधनों के बारे में जाना। उन्होंने बीजापुर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सराहना करते हुए कहा कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता और जनजातीय संस्कृति बस्तर अंचल की पहचान है। 'बस्तर राइजिंग' अभियान का उद्देश्य बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों की संस्कृति, पर्यटन और सामाजिक विशेषताओं को पहचान दिलाना तथा स्थानीय समुदायों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

## एक नजर

### वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री ने धनतेरस, दीवाली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की शुभकामनाएं दी

**रायपुर 19 अक्टूबर।** वाणिज्य और उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम वाणिज्यिकर (आबकारी) एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने प्रदेशवासियों को धनतेरस, रूपचौदस, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। केबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के के लिए डीबीटी के जरिए लगतार आर्थिक मदद की जा रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने दीवाली के मौके पर 'लोकल फॉर वोकल' को बढ़ावा देने स्थानीय उत्पाद से बने सामग्री का उपयोग करने का आह्वान किया है। खासकर उन्होंने कुम्हार समुदाय द्वारा निर्मित मिट्टी के दिये खरीदकर उनकी दीवाली का उत्साह दोगुना करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रोशनी का पर्व दीपावली सबके लिए मंगलमय हो। विकास की रोशनी गांव-गांव तक पहुंचे, लोगों में परस्पर स्नेह की जड़ें और गहरी तथा मजबूत हों तथा मां लक्ष्मी की कृपा से छत्तीसगढ़ प्रदेश धनधान्य और सुखसम्पदा से परिपूर्ण रहे।

### खटियापाटी में घटित मारपीट की घटना में एक युवक की मृत्यु, 2 अन्य हुए घायल

**बलौदाबजार 19 अक्टूबर।** ग्राम खटियापाटी में मारपीट की एक घटना घटित हुई, जिसमें एक युवक हरीश उर्फ भखा सायर उम्र 21 साल की मृत्यु हो गई है। साथ ही एक अन्य युवक दीप कुर्रे को गंभीर चोंटे आई है, जिसे रायपुर रिफर किया गया है। घटना में एक अन्य युवक साहिल सायर को सामान्य चोट आई है। उक्त घटना में 01 युवक की मृत्यु तथा 02 अन्य युवक घायल हुए हैं। कि प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध धारा 103(1),109(1),3(5) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों की पहचान कर अभी तक 02 आरोपी युवकों को हिरासत में लिया गया है तथा प्रकरण के संबंध में दोनों आरोपी युवकों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

### ग्राम बुंदेली में रजत जयंती महोत्सव मनाया गया

**एमसीबी, 19 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में रजत जयंती महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 17 अक्टूबर को विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम बुंदेली में विकासखण्ड स्तरीय रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य गठन के बाद पिछले 25 वर्षों में हुई उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना और भविष्य के छत्तीसगढ़ निर्माण में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा। आयोजन में ग्रामीणजन, किसान, महिलाएँ एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग द्वारा उप संचालक कृषि, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के मार्गदर्शन में किया गया। विभागीय अधिकारियों ने कृषकों को राज्य एवं केन्द्र पोषित कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी दी तथा कृषि से संबंधित समसामयिक विषयों पर चर्चा की। साथ ही आधुनिक कृषि तकनीकों एवं उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी भी साझा की गई। महोत्सव में समवर्गीय विभागों - जनपद पंचायत, पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों ने भी अपनी-अपनी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इससे ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के जनपद सदस्य श्री सुरेंद्र सिंह, श्रीमती सीता देवी आयाम, ग्राम पंचायत बुंदेली की सरपंच श्रीमती हेमा सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। रजत जयंती महोत्सव के माध्यम से ग्रामीणों में उत्साह का संचार हुआ और राज्य के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश भी दिया गया।

# कृषि ड्रोन पायलट प्रतियोगिता में निखिल कन्नौजे प्रथम रहे




**बलौदाबाजार,19 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय, भाटापारा में आत्मा योजनांतर्गत कृषि वैज्ञानिक परिचर्चा, धान के किस्मों की प्रदर्शनी, फील्ड भ्रमण एवं ड्रोन प्रतियोगिता कृषि विभाग, कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में कृषकों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन एवं अन्य रबी फसल में बढ़ावा देना, धान में लग रहे कीट व्याधि की जानकारी एवं उसके बचाव के उपाय, मृदा में रसायन की अधिकता से कार्बन की कमी से होने वाले नुकसान, कृषि ड्रोन की जानकारी, छत्तीसगढ़ के 25 साल में कृषि में आए मशीनरी उन्नति, खेतों में सिंचाई एवं उन्नत तकनीक में आये बदलाव के बारे में चर्चा की गई। कृषकों से उनके समस्या एवं सुझाव के संबंध में चर्चा एवं उपाय की विस्तृत जानकारी दी गई। जिले से आए विभिन्न ड्रोन चालकों द्वारा कृषि ड्रोन पायलट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान निखिल कन्नौजे, द्वितीय स्थान पंकज साहू एवं तृतीय स्थान दिनेश साहू को विजेता के रूप में पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर विकासखंड के कृषक एवं नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजनान्तर्गत चयनित बी.आर.सी. नारायण साहू एवं विभागीय अधिकारी नारद कुमार भारद्वाज, भूमि संरक्षण अधिकारी जयइन्द्र कवर, अनुविभागीय अधिकारी डॉ एच.एल. सोनबोईर,अधिष्ठाता डॉ अंगद सिंह राजपूत, वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कश्यप विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ दीपमाला किन्डो उपस्थित थे।

### जनजातीय सशक्तिकरण के क्षेत्र में पांच जिलों को मिली राष्ट्रीय पहचान

# छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर बनाई अपनी विशेष पहचान

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई है। आदि कर्मयोगी अभियान और प्रधानमंत्री जनमन योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए राज्य को आज भारत के राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य' के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। राज्य सरकार और जनजातीय विकास विभाग की ओर से यह सम्मान प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने राष्ट्रपति के करकमलों से प्राप्त किया।




प्रमुख सचिव श्री बोरा ने इस मौके पर पीएम जनमन योजना और धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में जनजातियों और विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए किए जा रहे कार्यो के संबंध में विस्तार से प्रस्तुती दी। वहीं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिलों में जनजातियों के विकास में किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। कार्यक्रम में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री जुआल ओराम तथा राज्य मंत्री श्री दुर्गा दास उइके, जनजातीय कार्य मंत्रालय के सचिव विभु नायर भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि पर समस्त विभागीय अधिकारियों और फील्ड टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान राज्य के उन कर्मयोगियों के परिश्रम और समर्पण की पहचान है, जिन्होंने जनजातीय सशक्तिकरण को धरातल पर साकार किया है।

कार्यक्रम में धमतरी और कोरिया जिलों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जनजाति विभाग के स्टेट ट्रेनर श्री ललित शुक्ला को भी व्यक्तिगत श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त हुआ। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत मोहला-मानपुर, बालोद, दंतेवाड़ा और धमतरी जिलों को 'स्क्रीन फेलिसिटेशन अवार्ड' मिला, जो इस बात का प्रमाण है कि जनजातीय सेवा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को राज्य के प्रत्येक जिले में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस मौके धमतरी कलेक्टर श्री अविनाश मिश्रा, कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, बालोद कलेक्टर श्रीमती दिव्या मिश्रा एवं दंतेवाड़ा कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत उपस्थित थे।

आदिम जाति विकास मंत्री श्री राम विचार नेताम ने इस उपलब्धि पर पूरे विभाग को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनजातीय विकास विभाग ने जन-कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफलतापूर्वक लागू किया है। उन्होंने कहा कि ÷यह पुरस्कार हमारे अधिकारियों, फील्ड कर्मचारियों और उन जनप्रतिनिधियों की मेहनत का परिणाम है, जो राज्य के दूरस्थ अंचलों तक योजनाओं की रोशनी पहुँचाने में दिन-रात जुटे हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ ने हाल के वर्षों में जनजातीय शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य और प्रशिक्षण के क्षेत्र में कई अभिनव कदम उठाए हैं। आदि कर्मयोगी अभियान ने प्रशासनिक दक्षता को नई दिशा दी है, वहीं पीएम जनमन योजना ने आदिवासी समाज के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार लाया है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के जनजातीय कल्याण विभागों के अधिकारी, परियोजना निदेशक, विकास सहयोगी संस्थाएँ और जनजातीय प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## समाचार संक्षेप

### चाकू से प्राण घातक हमला करने वाले 1 अपचारी बालक सहित 5 आरोपी गिरफ्तार




**बलौदाबाजार 19 अक्टूबर।** प्रार्थी गुलशन चक्रधारी निवासी ग्राम दतरेंगी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 17.10.2025 की रात्रि करीबन 09:30 बजे से 10:00 बजे के मध्य दुर्गा चौक दतरेंगी में अपने साथी के साथ खड़ा था, तभी बाइक को तेज गति से चलाने की बात को लेकर प्रार्थी के साथ खड़े उसके साथी के साथ आरोपियों द्वारा वाद विवाद एवं लड़ाई झगड़ा किया जाने लगा, जिसे प्रार्थी द्वारा समझाइस देकर बीच बचाव किया जा रहा था, कि इसी बीच आरोपियों द्वारा प्रार्थी के ऊपर चाकू से प्राण घातक हमला करते हुए उसे गंभीर चोंट पहुंचाया गया। कि रिपोर्ट पर थाना गिधपुरी में अपराध क्र. 131/2025 धारा 109,3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 01 अपचारी बालक सहित 05 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी के समझाइस देने पर आक्रोश में आकर उसपर चाकू से गंभीर वारकर, उसे प्राणघातक चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में शामिल सभी आरोपियों को आज दिनांक 18.10.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### जुआ खेलने वाले 7 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 19 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी ÷समाधान सेल÷हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी क्रम में समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर आज दिनांक 17.10.2025 को चौकी करहीबाजार की पुलिस द्वारा ग्राम खजुरी में जुआ खेलते हुए 07 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी ?7500 एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है।

### स्पेशल एजुकेटर पद के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच पूर्ण

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा स्पेशल एजुकेटर के 100 पदों पर सीधी भर्ती हेतु 13 अक्टूबर 2025 तक प्राप्त समस्त आवेदनों का परीक्षण विज्ञापन में निर्धारित पात्रता मानदंडों एवं शर्तों के अनुसार किया गया। परीक्षण उपरांत प्राप्त आवेदनों में से स्पेशल एजुकेटर (प्राथमिक) पद हेतु 262 आवेदन मान्य एवं 931 आवेदन अमान्य पाए गए, स्पेशल एजुकेटर (उच्च प्राथमिक) पद हेतु 551 आवेदन मान्य एवं 811 आवेदन अमान्य पाए गए तथा स्पेशल एजुकेटर (माध्यमिक) पद हेतु 247 आवेदन मान्य एवं 633 आवेदन अमान्य पाए गए। इस प्रकार कुल 3435 आवेदनों में से 1060 आवेदन मान्य एवं 2375 आवेदन अमान्य घोषित किए गए हैं। मान्य एवं अमान्य किए गए आवेदनों की विस्तृत सूची स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ की वेबसाइट httpsÑ//eduportal.cg.nic.in पर प्रकाशित कर दी गई है। सभी संबंधित अभ्यर्थी इस सूची का अवलोकन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, मान्य एवं अमान्य आवेदक अपने आवेदन पत्रों से संबंधित किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार या दावा-आपत्ति हेतु दिनांक 22 एवं 23 अक्टूबर, 2025 को स्वयं उपस्थित होकर लोक शिक्षण संचालनालय, प्रथम तल, खण्ड-सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर में निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं निर्देशों के लिए अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे नियमित रूप से स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट httpsÑ//eduportal.cg.nic.in का अवलोकन करते रहें।



**रायपुर19 अक्टूबर।** रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक दिनांक 29 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर स्थित सामान्य सभा सभागार में रायपुर नगर निगम सचिवालय द्वारा आहुत की गयी है. नगर निगम रायपुर की सामान्य सभा की बैठक के प्रारम्भ में सामान्य सभा की पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की जाएगी. तदुपरान्त निर्धारित नियमावली के अनुसार प्रक्रिया के अंतर्गत एक घण्टे का प्रश्नकाल होगा. इसके पश्चात नगर निगम रायपुर की मेयर इन काउंसिल की बैठक में पारित संकल्प पर नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत नगर विकास पर निर्धारित 14 एजेंडों पर एजेंडावार चर्चा एवं विचार- विमर्श किया जायेगा.

# अंगार मोती का विशाल धार्मिक मड़ई मेला 24 को

**कुरुद19 अक्टूबर।** अंगार मोती ट्रस्ट गंगरेल में गत दिवस ट्रस्ट एवं ध्रुव गोंड समाज युवा प्रभाग के संयुक्त बैठक हुइ, जिसमें परंपरा के आधार पर नि संतान एवं विभिन्न प्रकार के समस्याओं से ग्रसित माता बहने भाई-बहन मन्नत लेकर के मां अंगार मोती का एवं मतवार डोकरा का आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु परम विधि पर उपस्थित होते हैं.. परंपरा के अनुसार विधि विधान से दीपावली के प्रथम शुक्रवार 24 अक्टूबर को 52 गांव का देवी देवता विराजमान होते हैं. विराजमान होकर सिरहा गायता पुजारी के माध्यम से सेवा अर्जी के पश्चात विधि से मां अंगार मोती एवं मतवार डोगरा के द्वारा माता को पारण हेतु आते हैं. उनका आशीर्वाद दिया जाता है जिससे



उनकी मनोकामना पूर्ण होने का वचन दिया जाता है। उक्त व्यवस्था हेतु आज ट्रस्ट की बैठक जीवराखन मरई अध्यक्ष मां अंगार मोती ट्रस्ट की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई. बैठक में सभी व्यवस्थाओं हेतु माता के सुविधा अनुरूप स्थल का चयन पेयजल शौचालय छाया लाइव माई माता के दर्शन हेतु युवा संगठन को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है.माता के परिसर में ट्रस्ट के विभिन्न प्रकार की समिति बनाकर सभी को कार्य विभाजन किया गया. बैठक में अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई, गोड समाज अध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर, देवानंद नेताम, डालूराम ध्रुव,ओंकार नेताम, जयपाल ध्रुव, राधेश्याम नेताम, ललित ठाकुर,नरोत्तम ठाकुर,नारायण ध्रुव,ठाकुर राम नेताम, शशि ध्रुव, गीता ध्रुव, बोधन नेताम, वेदुराम ध्रुव,अखिलेश नेताम,बंटी मरकाम,दिग्विजय ध्रुव,युवराज सिंह, शत्रुघ्न नेताम, नरेंद्र नेताम, राजेंद्र कुमार,दीपक नेताम, चौहान कुंजाम,रोशन मरकाम, अर्जुन कोराम,मानसिंह मरकाम, भगत, शत्रुघ्न नेताम,मुख्य पुजारी श्री ईश्वर नेताम, सहयोगी तुलाराम मरकाम नंदकिशोर नेताम सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# नगर भवन में आयोजित जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का लाभ 500 लोगों ने उठाया

- **कलेक्टर ने स्टाल का अवलोकन किया और मेले में आए लोगों से चर्चा भी की**


**बलौदाबाजार,19 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयुष विभाग द्वारा जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन शुक्रवार को नगरभवन बलौदाबाजार में किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने आयुष स्वास्थ्य मेला में लगाए स्टॉल का अवलोकन किया और स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लेने आए लोगों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सुवर्णप्राशन संस्कार शिविर में बच्चों को प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला सुवर्णप्राशन ड्राप पिलाई। आम नागरिकों में आयुष पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाने , पारंपरिक औषधियों का महत्व बताना एवं




स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस आयुष स्वास्थ्य मेला में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य, योग और आयुर्वेदिक जीवनशैली पर उपयोगी मार्गदर्शन भी दिया गया।लगभग 550 से अधिक नागरिकों ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। आयुष मेले में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण,3 माह से 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला सुवर्णप्राशन संस्कार शिविर, स्थानीय औषधीय पौधों की पहचान, उपयोग एवं संरक्षण पर जानकारी,औषधीय सामग्री से बने पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी एवं लाभों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकरी डॉ गोदावरी पैकरा, आयुष चिकित्सक डॉ एल. एस. ध्रुव सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

### सरस मेला-25 में 17 राज्यों की स्व सहायता समूह की महिलाओं ने लिया भाग

**रायपुर,19 अक्टूबर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा 08 से 18 अक्टूबर 2025 तक रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 'सरस मेला 2025' का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं की उद्यमिता को एक मंच प्रदान करने का कार्य किया गया है। जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें। रायपुर में आयोजित इस सरस मेले में देशभर के 17 राज्यों के स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आए स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, हैंडलूम वस्त्र, जैविक उत्पाद, पारंपरिक व्यंजन, गृह उपयोगी सामग्री आदि उत्पादों का 200 से ज्यादा स्टॉलों के माध्यम से प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। दीवाली पर्व के मद्देनजर समूह द्वारा विशेष रूप से हस्तनिर्मित सामाग्रियों से गिफ्ट हैम्पर भी बनाए गए थे। सभी स्टालों से 10 दिनों में लगभग 60 लाख रूपए से ज्यादा की सामाग्री का विक्रय किया गया। यह पहल प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा नागरिकों से स्वदेशी वस्तुओं को क्रय करने की अपील को बल प्रदान करता है। जहां स्थानीय महिलाओं द्वारा त्यौहारी सीजन में तैयार किये गए उत्पादों को बहुत अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हुआ। स्वदेशी उत्पादों को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्राहक मेले में पहुंचे थे। सरस मेला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना, स्थायी बाजार उपलब्ध कराना और उन्हें उद्यमिता के नए अवसरों से जोड़ना रहा है। इस आयोजन ने हजारों महिलाओं को न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने का मंच दिया, बल्कि उन्हें गौरव और आत्मविश्वास के साथ समाज में खड़ा होने का अवसर भी प्रदान किया है।

# आदर्श विद्यालय मोवा की कैडेट शुभी शुक्ला ने निशानेबाजी में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रायपुर 19 अक्टूबर।** 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष (2025-26) भी मना कैंप, रायपुर में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (ष्टञ्जष्ट) का सफल आयोजन 7 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2025 तक किया गया। इस दस दिवसीय शिविर में रायपुर एवं आसपास के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कैंप के दौरान अनुशासन, नेतृत्व, शारीरिक प्रशिक्षण, सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित अनेक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन्हीं में से एक प्रमुख आकर्षण रहा निशानेबाजी (फायरिंग) प्रतियोगिता, जिसमें कैडेट्स ने अपने निशाने की सटीकता और एकाग्रता का परिचय दिया।

इस प्रतियोगिता में आदर्श विद्यालय, मोवा की प्रतिभाशाली कैडेट शुभी शुक्ला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 40 में से 36 अंक अर्जित किए और प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया। उनके इस अद्भुत प्रदर्शन की सराहना पूरे एनसीसी ग्रुप में की जा रही है।

कैम्प के समापन समारोह में ग्रुप कमांडर डी. के. पात्रा एवं विंग कमांडर सी. ओ. विवेक साहू ने शुभी शुक्ला को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय प्राचार्य, एनसीसी अधिकारी तथा समस्त शिक्षकों ने शुभी की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल विद्यालय के लिए गौरव की बात है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। शुभी शुक्ला ने अपने मार्गदर्शकों और प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि नियमित अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है, और वह भविष्य में भी देश सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देना चाहेंगी।

## एक नजर

### मिशन वात्सल्य अंतर्गत रिक्त पदों की पूर्ति के लिए साक्षात्कार का आयोजन 24 अक्टूबर को

**बालोद, 19 अक्टूबर।** मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई किशोर न्याय बोर्ड एवं चाईल्ड हेल्प लाईन के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु साक्षात्कार 24 अक्टूबर को निर्धारित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड एवं चाईल्ड हेल्प लाईन अंतर्गत रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु साक्षात्कार 24 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से जिला स्तरीय पंचायत संसाधन केन्द्र पाकुरभाठ (आरटीओ ऑफिस के पास) में आयोजित की गई है। उन्होंने पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं स्थान में उपस्थित होने को कहा है।

### जवाहर नवोदय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर

**बालोद, 19 अक्टूबर।** शिक्षा सत्र 2026-27 में जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 11वीं में लेटरल एंट्री प्रवेश चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि में वृद्धि कर अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण करने की प्रक्रिया जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि शिक्षा सत्र 2025-26 में अध्ययनरत् कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राएँ जिनका जन्म 01 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 तक है ऐसे विद्यार्थी नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं में चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होंगे।

### टाटा मोटर्स का छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के साथ समझौता

**रायपुर 19 अक्टूबर।** भारत की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने एक साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है। इस साझेदारी का उद्देश्य कंपनी के संपूर्ण छोटे वाणिज्यिक वाहनों और पिक-अप रेंज, जिसमें हाल ही में लॉन्च किया गया टाटा ऐस प्रो भी शामिल है, की फाइनेंसिंग को और मजबूत बनाना है। यह सहयोग ग्राहकों के लिए वाहन स्वामित्व को और अधिक सरल, सुलभ और सुविधाजनक बनाएगा। इसके तहत उन्हें कम ब्याज दरों, सरल दस्तावेज़ी प्रक्रिया और तेज़ लोन स्वीकृति एवं वितरण की सुविधा मिलेगी। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से नए उद्यमी और छोटे व्यवसायी कम ईएमआई का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय की शुरुआत करने और उसे आगे बढ़ाने में सक्षम होंगे। इस साझेदारी के बारे में टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेडङ्क स?मॉल कमर्शियल व?हीकल और पिक-अप, श्री पिनाकी हलदर ने कहा, ÷पिछले दो दशकों से भी ज़्यादा टाटा मोटर्स के छोटे वाणिज्यिक वाहन भारतभर में आजीविका सृजन को सक्षम बनाने और उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के साथ हमारा यह सहयोग इस विरासत को आगे बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जो हमारे भरोसेमंद उत्पादों को किफायती और सरल वित्तीय योजनाओं के माध्यम से और अधिक सुलभ बनाएगा।

### परमात्मा के प्रति सदैव समर्पण भाव होना चाहिए: मनीष सागर महाराज



**रायपुर 19 अक्टूबर।** विवेकानंद नगर स्थित श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में शनिवार को उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी श्री मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि परमात्मा के प्रति सदैव समर्पण भाव होना चाहिए। पुण्य के उदय में प्रमाद नहीं करना चाहिए। इससे पुण्य का अवसर खो जाता है। पुण्य का उदय पूंजी है। इस पूंजी से और अधिक पुण्य कमाना है। धीरे-धीरे पुण्य को बढ़ाकर ऊपर उठने का कार्य करना है। सदैव समर्पण की राह पर चलना चाहिए। समर्पण एक ऐसा माध्यम है जिससे लाभ ही होता है।।समर्पण से सदैव आगे ही बढ़ते जाएंगे। परमात्मा के प्रति समर्पण ही हमें ऊंचाइयों को हासिल कराएगा। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि अहंकार गलेगा तभी भगवान महावीर स्वीकार होंगे। जीवन का पूर्ण रूप केवल परमात्मा में ही दिखाई देगा। भगवान महावीर के निर्वाण में ही परमात्मा की संसार अवस्था समाप्त हुई। पूर्ण मुक्त अवस्था सिद्ध अवस्था प्रारंभ हुई। ऐसे व्यक्तित्व के प्रति समर्पण बहुत गहरा होना चाहिए। जो इस भव में ही नहीं, जब तक हमारा भव नहीं छूटे तब तक परमात्मा का साथ नहीं छूटे। इतना गहरा समर्पण होना चाहिए। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि कभी देखा देखी नहीं करना चाहिए। भेड़ चाल में नहीं चलना चाहिए। धर्म कार्य केवल करने के लिए नहीं होना चाहिए। समर्पण भाव के साथ धर्म से जुड़ाव होना चाहिए। लक्ष्य नहीं होगा तो परमात्मा की आवश्यकता और उनके आदर्श नहीं समझ पाएंगे। यदि आपका लक्ष्य परमात्मा बनना होगा तो ही परमात्मा समझ आएंगे। भीतर साध्य भगवान महावीर को प्रकट करना होना चाहिए। पहले लक्ष्य होना चाहिए। मूल लक्ष्य तय करना होगा। उपलक्ष्य का माध्यम लेकर चलना होगा। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि समर्पण भगवान महावीर के प्रति वैसा होना चाहिए जैसा मीरा का श्रीकृष्ण के प्रति था। गौतम स्वामी का भगवान महावीर के प्रति था। भगवान महावीर की ऊंचाइयों को समझना है तो उनका ज्ञान, दर्शन और चारित्र्य को समझना होगा। भगवान महावीर ने वीतरागता के लिए 27 भव की साधना की। हमारे तो अनंत भव हो गए हैं फिर भी हम नहीं समझ पा रहे हैं। भगवान महावीर ने आत्मा के अनंत गुणों को ज्ञान, दर्शन और चारित्र्य से हासिल किया। यह परमात्मा की ऊंचाई है।

### राजस्व अधिकारियों ने सहकारी समितियों में पहुँचकर कार्यों का किया अवलोकन

# एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों का पंजीयन जारी



**बालोद, 19 अक्टूबर।** बालोद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने तथा सभी कृषकों का पात्रतानुसार शत प्रतिशत धान की खरीदी सुनिश्चित कराने हेतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए किसानों का पंजीयन का कार्य निरंतर जारी है। जिससे कि जिले के सभी कृषकों को वास्तविक रकबे के आधार पर वास्तविक धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही जिले का कोई भी पात्र कृषक धान खरीदी योजना का समुचित लाभ लेने से वंचित न रहे। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में राजस्व, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए शत प्रतिशत कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु मुस्तैदी से कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी सहकारी समितियों में 15 अक्टूबर से आयोजित शिविरों में राजस्व एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी नियमित रूप से पहुँचकर शेष सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित करा रहे हैं। इसके अंतर्गत आज 17 अक्टूबर को विशेष शिविर के तीसरे दिन जिले के एसडीएम तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, नायब तहसीलदार, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, आरआई, पटवारियों के साथ-साथ सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारीगण सहकारी समितियों में पहुँचकर एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों का कराए जा रहे पंजीयन के कार्य का अवलोकन किया।

इस दौरान अधिकारियों के द्वारा मौके पर उपस्थित किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि खरीफविपणन वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के ऐसे किसान जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत है किंतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए है। सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में ऐसे सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे कृषक जो एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत है किंतु उनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है शिविरों में ऐसे सभी कृषकों की जानकारी एग्रीस्टेक पोर्टल में अद्यतन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु किसान संबंधित सहकारी समितियों के अलावा ग्राहक सेवा केन्द्रों में पहुँचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत ऐसे किसान जिनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है वे सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर अपना व्यक्तिगत जानकारी अद्यतन करा सकते हैं। इन दोनों कार्यों के लिए किसानों को अपना किसान किताब, आधार कार्ड एवं मोबाईल के साथ निर्धारित स्थानों में उपस्थित होना अनिवार्य है। इसके अंतर्गत आज तहसीलदार गुरूर श्री हनमुंत श्याम ने गुरूर तहसील के अंतर्गत ग्राम धनेली एवं बासीन सहकारी समितियों में पहुँचकर एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन कार्य का अवलोकन किया।

## शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में 28 अक्टूबर को प्लेसमेंट कैंप

**बालोद, 19 अक्टूबर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद के तत्वाधान में 28 अक्टूबर 2025 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुरूर में मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 02 नियोजकों द्वारा लगभग 800 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेफइंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई दुर्ग के अंतर्गत सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता पांचवी एवं आठवी निर्धारित की गई है। सिक्यूरिटी गार्ड केवल पुरूष के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता दसवीं एवं बारहवीं निर्धारित की गई है। इसी तरह सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पुरूष के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता बारहवीं या ग्रेजूएट पास एवं 02 वर्ष का अनुभव निर्धारित की गई है। इसी तरह महिला सिक्यूरिटी गार्ड के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसकी शैक्षणिक योग्यता पांचवी, आठवी पास निर्धारित की गई है। इसी तरह नियोजक इन्फोटेक इंडिया प्रायवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा सेल्स एक्सीक्यूटिव के 200 पद की पूर्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, टीम मैनेजर के 25 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं ग्राम पंचायत प्रोजेक्ट एडवाईजर के 200 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

## स्वदेशी अपनाएं, सुरक्षित और संवेदनशील दिवाली मनाएं-रवि

**राजनांदगांव, 19 अक्टूबर।** रवि सिन्हा अध्यक्ष शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय एवं पार्षद वार्ड क्रमांक 39 ने कहा कि दीपों का पर्व दीवाली न केवल प्रकाश का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे भीतर के अंधकार को दूर करने और सकारात्मकता फैलाने का भी संदेश देता है। इस पावन पर्व पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं और स्थानीय व्यापारियों व छोटे दुकानदारों से खरीदारी करें, ताकि उनके घरों में भी खुशियों के दीप जल सकें। स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का यही सबसे सुंदर माध्यम है। दिवाली का उत्सव उल्लास और सुरक्षा दोनों का संगम है। इसलिए सभी नागरिकों से निवेदन है कि पटाखे फोड़ते समय सावधानी बरतें। बच्चों को हमेशा बड़ों की निगरानी में ही पटाखे जलाने दें, ताकि किसी भी प्रकार की गंभीर दुर्घटना से बचा जा सके। हमारे आराध्य देवी-देवताओं की छवि का उपयोग पटाखों पर करना अनुचित और असम्मानजनक है। आइए, इस दिवाली ऐसे पटाखों का पूरी तरह से बहिष्कार करें और धार्मिक आस्थाओं का सम्मान बनाए रखें। जब हम स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे।

# कलेक्टर ने आदमाबाद वृद्धाश्रम में पहुँचकर बुजुर्गों से की मुलाकात



**बालोद, 19 अक्टूबर।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के समीप आदमाबाद में स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से भेंट कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों से आत्मीय बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, भोजन, नाश्ता, इलाज, मनोरंजन एवं आवासीय व्यवस्था, साफ-सफाई आदि के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने वृद्धजनों को कपड़ा आदि भी भेंट किया और दीपावली के पावन पर्व की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा के आत्मीय व्यवहार से वृद्धजन बहुत ही प्रसन्नचित नजर आने के साथ-साथ अपनत्व का भी अनुभव कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित वृद्धाश्रम के कर्मचारियों को वृद्धजनों को समय पर भोजन, नाश्ता एवं शुद्ध पेयजल कराने के अलावा उनके मनोरंजन एवं समय पर इलाज की सुविधा भी उपलब्ध कराने को कहा।

## एनएमडीसी ने 'अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' के उपलक्ष्य में सदस्य-शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया

**हैदराबाद, 19 अक्टूबर।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी लिमिटेड ने सहकारिता आंदोलन के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तेलंगाना कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड, गनफाउंड्री के सहयोग से हैदराबाद में अपने लर्निंग सेंटर में एक सदस्य-शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने तेलंगाना कोऑपरेटिव सोसाइटी के अधिकारियों और एनएमडीसी कर्मचारी कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के सदस्यों को एक सांझा मंच प्रदान किया, जिससे सहकारी प्रबंधन के सिद्धांतों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर जागरूकता, शिक्षा और संवाद करने का सुअवसर मिला। इस कार्यक्रम में श्रीमती अन्नोधा, सहायक रजिस्ट्रार, तेलंगाना कोऑपरेटिव सोसाइटी, श्रीमती संगीता, संयुक्त रजिस्ट्रार, तेलंगाना कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड और श्री वेंकन्ना, प्राचार्य, तेलंगाना कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड, गनफाउंड्री, हैदराबाद की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर एनएमडीसी कर्मचारी कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष और अन्य सदस्य नेतागण भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में श्री वेंकन्ना ने सदस्यों के बीच सक्रिय भागीदारी और निरंतर सीखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से सहकारी सिद्धांतों का पालन करने, नियमों और प्रक्रियाओं पर अपडेट रहने और सदस्यों को सहकारी समितियों की कार्यशैली को बेहतर ढंग से समझने में मदद करने के लिए ज्ञानवर्धक सामग्री सांझा करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए श्रीमती संगीता ने सोसाइटी के कामकाज में सुधार लाने के लिए नियमित बैठकों, उचित रिकॉर्ड रखने और अन्य सहकारी समितियों से सीखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नए सदस्यों को एनरोल करना और सभी की भागीदारी सुनिश्चित करना सोसाइटी के विकास और ताकत की कुंजी है। उन्होंने प्रणाली में सुधार के लिए संशोधित नियमों और विनियमों को लागू करने में श्रीमती अन्नोधा से मार्गदर्शन लेने का सुझाव दिया। तेलंगाना कोऑपरेटिव सोसाइटी के अधिकारियों ने सहकारी समितियों के सात मूलभूत सिद्धांतों के बारे में भी विस्तार से बताया, प्रभावी प्रबंधन पर मार्गदर्शन प्रदान किया और सहकारी समितियों के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं और नीतियों पर अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने दोहराया कि जवाबदेही और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आम सभा की बैठकें हर तीन महीने में एक बार आयोजित की जानी चाहिए।

# सुशासन में वनांचल के ग्राम जुनवानी की दीपावली की खुशियाँ हुई दोगुनी



**बालोद, 19 अक्टूबर।** बालोद जिले के डौंडी विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम जुनवानी में इस वर्ष दीपावली की खुशियाँ दोगुनी हो गई हैं। इसका कारण है, यहां के लगभग ''70 परिवारों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान'', जो कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में संभव हो पाया है। ग्रामीणों को अब अपने ही गांव में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान से राशन प्राप्त हो रहा है, जिससे उन्हें अब दूर ग्राम भर्रीटोला नहीं जाना पड़ता। पहले ग्रामीणों को राशन लेने के लिए लगभग 05 किलोमीटर दूर ग्राम भर्रीटोला जाना पड़ता था, जहां कच्ची सड़कों के कारण विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को काफी परेशानी होती थी। लेकिन अब गांव में ही शासकीय उचित मूल्य की दुकान शुरू होने से ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी झलक रही है।

ग्राम जुनवानी के निवासी श्री हरिश्चन्द्र नायक ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन का परिणाम है कि वर्षों से चली आ रही हमारी समस्या का समाधान इस बार दीपावली से पहले ही हो गया है। इस बार दीपावली में हम ग्रामीणों की खुशियाँ दोगुनी हो गई है, अब हमें राशन के लिए दूर नहीं जाना पड़ता, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत हो रही है। इसी तरह ग्रामीण श्री सालिक राम कोलियारा ने कहा कि पहले राशन लाने के लिए कच्चे रास्ते पर चलना पड़ता था। रास्ता खराब होने से राशन का सामान लाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था, अब गांव में ही दुकान खुलने से महिला-पुरुष सभी को बड़ी राहत मिली है। ग्राम की बुजुर्ग महिला श्रीमती तीज बाई ने बताया कि पहले उन्हें हर बार किसी को साथ लेकर भर्रीटोला जाना पड़ता था, लेकिन अब गांव में ही राशन मिलने से वे ''स्वयं ही राशन लेने जाती हैं'', जिससे सुविधा और आत्मनिर्भरता दोनों बढ़ी है। इसी तरह श्रीमती अनिता कोलियारा ने कहा कि पहले जब राशन लेने दूसरे गांव जाते थे, तो एक दिन पूरा निकल जाता था और थकान भी बहुत होती थी, अब गांव में दुकान होने से समय की बचत और सुविधा दोनों मिल रही है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि श्री संजय बैस ने बताया कि ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन तिहार में आयोजित शिविर में गांव में राशन दुकान खोलने की मांग की थी, जिस पर शासन-प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम जुनवानी में नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन शुरू कराया है। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील नेतृत्व और त्वरित निर्णय क्षमता का परिणाम है कि ग्रामीणों को दीपावली से पहले यह बड़ी सौगात मिली है।

# गुम मोबाइल मालिकों को लौटाकर दिया धनतेरस का तोहफा



**बालोद 19 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक बालोद श्री योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर के निर्देशन एवं एसडीओपी बालोद श्री देवांश सिंह राठौर, एसडीओपी श्री राजेश बागडे, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती चित्रा वर्मा, उप पुलिस अधीक्षक श्री बोनिफास एक्का, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती माया शर्मा के पर्यवेक्षण में साइबर जागरूकता अभियान में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 460 नग गुम मोबाईल हैण्डसेट सभी थाना व सायबर सेल टीम द्वारा दीगर राज्य एवं दिगर जिलों से बरामद किया गया। आज दिनांक को बालोद पुलिस के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बालोद में कुल 100 नग मोबाईल किमती 15,75,000 रूपये (पन्द्रह लाख पछत्तर हजार) लगभग को धनतेरस के शुभ अवसर पर उनके वास्तविक मालिक को सुपुर्द किया गया। बालोद पुलिस द्वारा अब तक कुल 460 नग गुम मोबाईल बरामद कर उसके वास्तविक स्वामी को सुपुर्द किया गया है। बालोद पुलिस के हाथो खोये मोबाईल पाकर प्रसन्न हुए लोग पुलिस विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जिला बालोद में गुम मोबाईल के संबंध में पुलिस कार्यालय सायबर सेल थाना चौकी से आवेदन प्राप्त हुआ था।

जिसमें कार्यवाही करते हुए सायबर सेल टीम बालोद द्वारा गुम मोबाईल हैण्डसेट कम्पनी मोटो, सैमसंग, विवो, ओप्पो, रियलमी, इनफिनिक्स एन्ड्रायड मोबाईल फोन को ट्रेस कर दीगर राज्य झारखण्, बिहार एवं अन्य जिलों रायपुर कांकेर, दुर्ग, राजनांदगांव, कबीरधाम, धमतरी, खैरागढ़ छुईखदान गड़ई से उसे रिकवर किया गया। जिसमें 100 नग मोबाईल हैण्डसेट को आज दिनांक 18/10/25 को पुलिस कार्यालय सिवनी बालोद में 100 आवेदकों को उनका गुम मोबाईल सेट प्रदाय किया गया। उक्त मोबाइल वितरण कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, एसडीओपी बालोद श्री देवांश सिंह राठौर, रक्षित निरीक्षक श्रीमती रेवती वर्मा, साइबर सेल प्रभारी धरम भुआर्य एवं साइबर सेल स्टॉफ मौजूद रहे।

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक:**
**202510094500004**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्:- 2025-2026

अमलीडीह प.ह.न. 00019 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-गणेश राम यादव,
अनावेदक पक्षकार-

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गणेश राम यादव पिता संतराम यादव निवासी ग्राम अमलीडीह तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि, आवेदक की दादी श्यामबती पति सुरजू यादव जाति यादव की मृत्यु दिनांक 01/01/1978 को स्थान ग्राम अमलीडीह में हुआ है, जो भूलवंश ग्राम पंचायत अमलीडीह में संधारित मृत्यु पंजी/रजिस्ट्रार में दर्ज नहीं हो पाया है। आवेदक द्वारा अपनी दादी श्यामबती पति सुरजू जाति यादव की मृत्यु दिनांक 01/01/1978 को ग्राम पंचायत अमलीडीह में संधारित मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। अतः ग्राम पंचायत अमलीडीह में संधारित मृत्यु पंजी में दर्ज करवाकर मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित शपथ पत्र, जन्म/मृत्यु पंचनामा में सचिव/सरपंच द्वारा हस्तांरित प्रमाण पत्र, जिला रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) जिला योजना एंव सांख्यिकी कार्यालय राजनांदगांव, जिला राजनांदगांव का अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पेश कर निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 23.10.2025 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/10/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
ला.ब.नगर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक:**
**202510094500009**

विषयः- अ-74
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्:- 2025-2026

पटपर प.ह.न. 00017
[704/3(0.2300 हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- जितेन्द्र वर्मा,
अनावेदक पक्षकार-

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक जितेन्द्र वर्मा पिता मंगतू वर्मा जाति लोधी, निवासी ग्राम पटपर, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक के नाम से ग्राम पटपर तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत स्थित भूमि ख.नं. 704/3 रकबा 0.230हे. कुल ख.नं. 01 कुल रकबा 0.230हे. भूमि की ऋण पुस्तिका भाग-। एवं भाग-2 गुम हो गया है, जिसको आवेदक द्वारा बहुत खोज-बीन किया गया, लेकिन कही प्राप्त नही हुआ। अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 31.10.2025 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/10/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
लाल बहादुर नगर




# दिवाली तक 500 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** सोने और चांदी के दाम आसमान छू रहे हैं। बावजूद इसके धनतेरस और दिवाली को लेकर सराफा बाजार मैं रौनक देखने को मिली। लोग अपने बजट के आधार पर सोने और चांदी के सामानों की खरीदी करते नजर आए। धनतेरस और दीपावली में सोने और चांदी की खरीदी करना शुभ माना जाता है। धनतेरस के मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने चांदी के बने लक्ष्मी गणेश के सिक्के और बर्तन की खरीदी की।

**सर्राफा बाजार में तेजी:** दिवाली के बाद शादियों के सीजन भी शुरू होने वाले हैं। ऐसे में लोग धनतेरस और दिवाली में सोने की खरीदी भी करते नजर आए। एक अनुमान के मुताबिक धनतेरस से दिवाली तक पूरे प्रदेश में लगभग 500 करोड़ के सराफा बाजार में कारोबार होने की उम्मीद है।

**500 करोड़ तक पहुंचेगा कारोबार:** सराफा कारोबारी विजय भंसाली ने बताया कि हिंदू धर्म में मान्यता है कि धनतेरस के दिन सोने और चांदी की खरीदी करना शुभ माना जाता है। ऐसे में बाजार भी गुलजार है। सोने और चांदी की खरीदी को लेकर ग्राहकों में उत्साह भी दिखाई पड़ा। लोग सोने की खरीदी दिवाली और शादी को देखते हुए लाइटवेट ज्वेलरी की खरीदी ज्यादा कर रहे हैं। दिवाली को देखते हुए लोग गणेश और लक्ष्मी की चांदी के सिक्के और मूर्तियों की खरीददारी कर रहे हैं। आने वाले दिनों में सोने और चांदी के दाम और बढ़ेंगे, इस वजह से ग्राहक अभी से सोने और चांदी की खरीदी कर रहे हैं।

## कॉस्मेटिक दुकान से 31 लाख से अधिक का सामान पार

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** कॉस्मेटिक दुकान के सेल्समेन ने दुकान से 31 लाख 29192 रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी रोशन आहुजा 40 वर्ष श्यामनगर तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी का पंडरी में कॉस्मेटिक दुकान चलाता है। जहां प्रार्थी के दुकान में काम करने वाले सेल्सेमन सैलेश चौरे, शंकर खरे व करण ध्रुव ने दुकान से 31 लाख 29192 रुपए का सामान पार कर दिया।

## ऑटो की डिक्की से नगदी 1 लाख 29 हजार पार

**रायपुर, 19 अक्टूबर।** पहाड़ीपारा के पास खड़ी ऑटो रिक्शा के डिक्की में रखे 1 लाख 29 हजार रुपए को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी सहदेवराम ध्रुव 38 वर्ष आमापारा आजाद चौक का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने अप्पे ऑटो को पहाड़ीपारा के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने ऑटो की डिक्की में रखे नकदी 1.29 लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।













कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26